




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./दुर्ग/1000000029/2026-28

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 17 अंक - 140 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, मंगलवार 03 मार्च 2026 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### जलाशय योजना के लिए 7.94 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा सरगुजा जिले के विकासखण्ड-मैनपाट की सरईकेरचा व्यपवर्तन योजना के नहर की जीर्णोद्धार एवं लाईनिंग कार्य के लिए 2 करोड़ 95 लाख 91 हजार रुपये स्वीकृत किये गये हैं। योजना के प्रस्तावित कार्यों के पूर्ण हो जाने पर रूपांकित सिंचाई क्षमता 414 हेक्टेयर के विरूद्ध 253 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति सहित पूर्ण रूपांकित क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो जायेगी। इसी तरह से विकासखण्ड-अंबिकापुर की बरकेला जलाशय योजना के बांध एवं नहर के नवीनीकरण कार्य के लिए 4 करोड़ 98 लाख 67 हजार रुपये स्वीकृत किये गये हैं। योजना के प्रस्तावित कार्य के पूर्ण होने पर रूपांकित सिंचाई क्षमता 251 हेक्टेयर के विरूद्ध 102 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति सहित पूर्ण रूपांकित क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो जायेगी।

### इंडस्ट्री एवं बैंकर्स मीट का आयोजन 06 मार्च को

**कवर्धा।** आरएएमपी योजनान्तर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों के लिए इंडस्ट्री एवं बैंकर्स मीट का आयोजन 06 मार्च 2026 का 03.30 बजे से होटल रायल सेलिब्रेशन, रायपुर रोड, कवर्धा में किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष, चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, अध्यक्ष राईस मिल संघ, अध्यक्ष फ्लाई एश ब्रिक्स संघ, अध्यक्ष जिला गुड़ इकाई मालिक संघ, सर्व उद्योग प्रतिनिधि, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, समस्त चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, उपसंचालक कृषि, सहायक संचालक उद्यानिकी विभाग, सहायक संचालक मछलीपालन विभाग, सहायक संचालक अंत्याव्यवसायी, सहायक संचालक खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, मुख्य नगर पालिका परिषद कवर्धा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन कवर्धा तथा समस्त डीआरपी की उपस्थिति में आयोजित की जाएगी।

### 4 दिन बढ़ेगी गर्मी, 2-3 डिग्री बढ़ेगा टेम्प्रेचर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मार्च के शुरुआत में ही लोगों के पसीने छूटने लगे हैं। दिन में चुभने वाली गर्मी पड़ रही है। अगले चार दिनों तक गर्मी के तेवर और तीखे होने वाले हैं। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है। इसके बाद अगले दो दिनों तक तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा। वहीं, न्यूनतम तापमान अगले सात दिनों तक लगभग स्थिर बना रहेगा। प्रदेशभर में फिलहाल मौसम शुष्क बना हुआ है। बीते 24 घंटों के दौरान सबसे अधिक तापमान राजनांदगांव में 36.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान अंबिकापुर में 13.5 डिग्री सेल्सियस रहा। इस दौरान प्रदेश के किसी भी हिस्से में बारिश नहीं हुई।

## नगाड़ा बजाकर मुख्यमंत्री साय ने लूटी महफिल



**रायपुर।** सीएम विष्णु देव साय सोमवार को रायपुर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह रंगोत्सव एवं महामूर्ख सम्मेलन 2026 में शामिल हुए। समारोह में जब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वयं नगाड़ा बजाकर उत्सव का जोश दोगुना कर दिया। मुख्यमंत्री के नगाड़ा बजाते ही समारोह में उपस्थित पत्रकारों और अतिथियों ने तालियों से उत्साह व्यक्त किया और पूरे परिसर में आनंद की लहर दौड़ गई। पारंपरिक ढोल-नगाड़ों की धुन पर मुख्यमंत्री भी पत्रकार साथियों के साथ फाग गीतों और होली के उल्लास में सहभागी बने। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा, सलाहकार आर कृष्णा दास, राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय, विधायक सुनील सोनी, मोतीलाल साहू उपस्थित रहे।

## ईरान और इजराइल युद्ध का असर : रायपुर से दुबई और अबूधाबी की 250 से ज्यादा टिकट कैंसिल

- **दोनों शहरों में छत्तीसगढ़ के 54 लोग भी फंसे**

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** ईरान और इजराइल युद्ध की वजह से रायपुर समेत कई शहरों के 250 से 300 लोगों ने त्योहार के समय बाहर घूमने के लिए कराई टिकटें कैंसिल करवा दी है। इनमें से अधिकतर लोग 2 और 3 मार्च को अबूधाबी और दुबई के लिए उड़ान भरते। लेकिन इससे पहले ही फ्लाइट के कैंसिल होने का सिलसिला शुरू हो गया। अब लोग डर की वजह से भी ग्रुप और सिंगल टिकट रद्द करवा रहे हैं।

शहर के टूर एंड ट्रैवल्स वालों के अनुसार अबूधाबी और दुबई में छत्तीसगढ़ के 54 लोग फंसे हैं। इनमें रायपुर से 12 से 14 लोग शामिल हैं। ये एयरपोर्ट के साथ ही इन शहरों के होटलों में रुके हुए हैं। हालांकि अभी तक किसी को भी बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। लेकिन तय फ्लाइट से अभी तक वापस नहीं आने की वजह से उनके परिवार वाले घबराए हुए हैं।

रमजान में रायपुर शहर से उमरा करने सउदी अरब जाने वाले लोगों का जत्था भी रुक गया है। 60-60 लोगों के दो ग्रुप ने सउदी अरब की टिकट कैंसिल कराई है। अब ये जत्थे के ईद के कुछ दिन पहले रवाना होने की संभावना है। रायपुर ट्रैवल्स एसोसिएशन के सरंक्षक कीर्ति व्यास ने बताया कि दो से तीन दिन में अबूधाबी और दुबई जाने वाले लोगों ने करीब 250 से 300 टिकटें रद्द कराई हैं।

## होलिका दहन की रात भिलाई में मर्डर, शराब पीने को लेकर विवाद, चाचा ने की भतीजे की हत्या

### नशे में बहस के बाद सिर पर लोहे के पाइप से किया वार, आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** शराब पीने को लेकर हुए विवाद में चाचा ने भतीजे की बेरहमी से हत्या कर दी। देर रात यह वारदात जामुल के रावण भाठा में हुई। नशे की हालत में बहस के बाद आरोपी चाचा ने लोहे की पाइप से भतीजे के सिर पर कई बार वार किया। जामुल थाना पुलिस और एसीसीयू की संयुक्त टीम ने 10 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक हेमंत साहू (19) है। वहीं आरोपी आशीष साहू (25) रावण भाठा जामुल का रहने वाला है।

होली के अवसर पर एक साथ शराब पीने बैठे चाचा और भतीजे के बीच नशे की हालत में उपजा बहस खूनी वारदात में तब्दील हो गया। यह वारदात 2 मार्च की रात में जामुल नगर के रावण भाठा में हुई। थाने को 11:30 बजे इस वारदात की सूचना प्राप्त होते ही तत्काल पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दिया। पुलिस के मुताबिक चाचा-भतीजे के बीच शराब सेवन को लेकर हुआ विवाद हत्या का कारण बन गया। घटना के पश्चात फरार आरोपी आशीष साहू को 10 घंटे के भीतर घेराबंदी कर पकड़ा गया। घटना में प्रयुक्त लोहे का पाइप बरामद कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। रावण भाठा जामुल निवासी हेमंत साहू के हत्या की सूचना पर थाना जामुल पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची एवं घटना की तस्दीक की गई। जांच में पाया गया कि मृतक हेमंत साहू एवं उसके चाचा आशीष साहू के बीच शराब पीने को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के दौरान आशीष द्वारा लोहे के पाइप से मृतक के सिर के पीछे बार-बार प्रहार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर अचेत अवस्था में गिर गया और उसकी मौत हो गई।

मृतक की माता ललिता साहू की रिपोर्ट पर थाना जामुल में धारा 103 बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना उपरांत आरोपी फरार हो गया था। पुलिस टीम द्वारा त्वरित पतासाजी एवं घेराबंदी कर आज 3 मार्च को घटना के 10 घंटे से कम समय के भीतर आरोपी आशीष साहू को जामुल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का पाइप जप्त किया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर केंद्रीय जेल दुर्ग भेजा गया है। इसि कार्यवाही में थाना जामुल प्रभारी निरीक्षक रामेन्द्र सिंह, सउनि महफूज खान, सउनि बेनी सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक अनिल सिंह, आरक्षक गजेन्द्र सिंह, ललित साहू, महात्मा साहू, तोषण चन्द्राकर, फराज खान, अतुल सिंह, चंदन सिंह, नरेश यादव तथा एसीसीयू टीम की सक्रिय भूमिका रही।

## वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच दुनिया को भारत से उम्मीद', पोस्ट-बजट वेबिनार में बोले पीएम मोदी



**नईदिल्ली ए.।** प्रधानमंत्री मोदी ने 'आर्थिक विकास को सतत बनाए रखना और उसे मजबूत करना' विषय पर आयोजित पोस्ट-बजट वेबिनार को मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था दुनिया के लिए उम्मीद की किरण बनी हुई है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं पुनर्गठित हो रही हैं, ऐसे समय में भारत की तेज आर्थिक प्रगति विकसित भारत के लक्ष्य की मजबूत नींव है। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश की दिशा और संकल्प दोनों स्पष्ट हैं। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने ज्यादा निर्माण, ज्यादा उत्पादन, ज्यादा कनेक्टिविटी और ज्यादा निर्यात की रणनीति अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था के प्रमुख स्तंभ मैन्युफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स और एमएसएमई आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं। मजबूत विनिर्माण ढांचा इन सभी क्षेत्रों में नए अवसर पैदा करता है।

### उत्पादों की गुणवत्ता से समझौता न किया जाए

वैश्विक प्रतिस्पर्धा पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) में बड़े निवेश और वैश्विक मानकों के अनुरूप गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत ने कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं, जिससे अवसरों का बड़ा दायरा खुला है। ऐसे में उत्पादों की गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता नहीं होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि अगर किसी एक क्षेत्र पर अधिकतम ऊर्जा, बुद्धिमत्ता और संसाधन केंद्रित करने हैं, तो वह गुणवत्ता होनी चाहिए। भारतीय उत्पाद न केवल अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरे उतरें, बल्कि उन्हें पीछे भी छोड़ें।

## पश्चिम एशिया में जंग के बीच ईरान में भूकंप के तेज झटके, 4.3 की तीव्रता से कांपी धरती




**वर्ल्ड डेस्क।** ईरान इस वक्त दोहरे संकट से गुजर रहा है। एक तरफ अमेरिका और इस्राइल के साथ भीषण जंग छिड़ी हुई है, तो दूसरी तरफ कुदरत ने भी मुश्किल बढ़ा दी है। इसी तनावपूर्ण माहौल के बीच मंगलवार को ईरान के दक्षिणी हिस्से में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए।

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, यह भूकंप दक्षिणी ईरान के गेराश शहर के पास आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.3 मापी गई। भूकंप का केंद्र जमीन से करीब 10 किलोमीटर नीचे था। अधिकारियों के मुताबिक, अभी तक किसी बड़े नुकसान या जानमाल के हानि की कोई खबर नहीं है। हालांकि, जंग के बीच आए इस भूकंप ने लोगों को दहशत में ला दिया।

इस बीच, अमेरिका ने संकेत दिए हैं कि यह लड़ाई लंबी चल सकती है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका के पास ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान को 4 से 5 हफ्तों से भी ज्यादा समय तक जारी रखने की क्षमता है। खामेनेई की मौत के बाद से ही अमेरिकी और इस्राइली सेनाएं लगातार ईरान के सैन्य और रणनीतिक ठिकानों पर हमले कर रही हैं। ईरान और उसके सहयोगी गुटों ने भी हमलों का कड़ा जवाब दिया है। उन्होंने इस्राइल, पड़ोसी खाड़ी देशों और दुनिया के लिए अहम तेल और गैस सप्लाई केंद्रों पर जवाबी हमले किए हैं। इन हमलों से पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल है और एक लंबी जंग की आशंका बढ़ गई है। हवाई यात्रा भी बुरी तरह प्रभावित हुई है।

## होली में 130 शराबी वाहन चालकों की गाड़िया जब्त

- **नाकेबंदी में जांच के बाद अफसरों ने की कार्रवाई,**

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** होली से पहले शहर में नशे में वाहन चलाने वालों पर पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। विशेष अभियान के तहत 130 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई कर उनकी गाड़ियां जब्त कर ली गईं। कई चालक कार्रवाई के बाद पैदल ही घर लौटते नजर आए।

होली पर्व को देखते हुए सुरक्षा के मद्देनजर यह अभियान चलाया गया। शराब के नशे में तेज रफ्तार वाहन चलाने से सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला के निर्देश पर पुलिस उपायुक्त यातायात एवं प्रोटोकॉल विकास कुमार के मार्गदर्शन में शहरभर में 42 चेकिंग पॉइंट लगाए गए। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त विवेक शुक्ला और दौलत राम पोर्ते के निर्देशन में सहायक पुलिस आयुक्तों की टीम ने शाम से देर रात तक सघन जांच अभियान चलाया। सभी चेकिंग पॉइंट पर ब्रीथ एनालाइजर मशीन से वाहन चालकों की जांच की गई। जांच के दौरान 130 वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए।

### अफसरों ने की गाड़िया जब्त करने की कार्रवाई

कार्रवाई में 39 कार, 73 मोटरसाइकिल, 3 ट्रक और 15 टाटा एस पिकअप व ई-रिक्शा शामिल हैं। सभी के खिलाफ मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्रवाई करते हुए वाहनों को जब्त किया गया। जब्त वाहन यातायात मुख्यालय और संबंधित थानों में सुरक्षित रखे गए हैं।

### नाकेबंदी प्वाइंट लगाकर अफसरों ने की जांच

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, इन प्रकरणों को होली के बाद न्यायालय में पेश किया जाएगा। शराब पीकर वाहन चलाने पर प्रत्येक मामले में 10 हजार से 15 हजार रुपए तक जुर्माना लगाया जा सकता है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि होली तक विशेषकर रात के समय नियमित चेकिंग जारी रहेगी और नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## यूट्यूब पर बजा पीएम मोदी का डंका: छुआ 30 मिलियन सब्सक्राइबर का आंकड़ा, ट्रंप से सात गुना ज्यादा

**नईदिल्ली ए.।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को एक और उपलब्धि हासिल की। उन्होंने यूट्यूब पर 30 मिलियन सब्सक्राइबर का आंकड़ा पार कर लिया है। ऐसा करने वाले वे विश्व के पहले नेता बन गए हैं। विश्व नेताओं में, प्रधानमंत्री मोदी के यूट्यूब पर सबसे अधिक सब्सक्राइबर हैं। रैंकिंग के अनुसार, वे इस श्रेणी में अन्य सभी से काफी आगे हैं।

दूसरे स्थान पर ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो हैं, जिनके सब्सक्राइबर प्रधानमंत्री मोदी के सब्सक्राइबर का लगभग एक-चौथाई ही हैं। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी के पास अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तुलना में सात गुना से अधिक सब्सक्राइबर हैं। भारत में, प्रधानमंत्री मोदी का दबदबा और लोकप्रियता स्पष्ट है। प्रधानमंत्री मोदी के पास राहुल गांधी से तीन गुना और आप और कांग्रेस से चार गुना से भी अधिक सब्सक्राइबर हैं।




### इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन फोलोअर्स

यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन फॉलोअर्स का आंकड़ा पार करने के बाद हासिल की गई है। उन्होंने हाल ही में इस प्लेटफॉर्म पर यह उपलब्धि हासिल की है। ऐसा करने वाले वे पहले विश्व नेता और राजनेता बन गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी 2014 में इंस्टाग्राम से जुड़े थे। इंस्टाग्राम पर उनके फॉलोअर्स की संख्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से दोगुनी से भी अधिक है। अगले पांच प्रमुख विश्व नेताओं के फॉलोअर्स की कुल संख्या प्रधानमंत्री मोदी के फॉलोअर्स की संख्या से कम है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 43.2 मिलियन फॉलोअर्स के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

### योगी आदित्यनाथ भी लिस्ट में

प्रधानमंत्री मोदी के बाद इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के 15 मिलियन फॉलोअर्स हैं, ब्राजील के राष्ट्रपति लूला के 14.4 मिलियन फॉलोअर्स हैं, तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन के 11.6 मिलियन फॉलोअर्स हैं और अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई के 6.4 मिलियन फॉलोअर्स हैं। इंस्टाग्राम पर प्रधानमंत्री अन्य भारतीय राजनीतिक नेताओं से काफी आगे हैं। दूसरे स्थान पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं, जिनके लगभग 16.1 मिलियन फॉलोअर्स हैं। उनके बाद राहुल गांधी हैं।




## संपादकीय

# आर्थिक उथल-पुथल

### भारतीय परीक्षा की घड़ी है मध्यपूर्व संघर्ष

भले ही, दुनिया में चौधराहट बनाये रखने और साम्राज्यवादी मंसूबों को पूरा करने के लिए अमेरिका ने इस्राइल के साथ मिलकर ईरान पर युद्ध थोपा हो, मगर इस युद्ध के दूरगामी घातक परिणाम पूरी दुनिया को झेलने होंगे। इस संघर्ष ने पूरे पश्चिमी एशिया को गहरे संकट में डाल दिया है। तबाही के कगार पर खड़े ईरान ने जिस तरह अपने पड़ोसी देशों के व्यापारिक व औद्योगिक संस्थानों पर ताबड़-तोड़ हमले किए हैं, उससे मध्यपूर्व में बड़ा आर्थिक संकट पैदा हो गया है। लाखों लोगों के रोजगार पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं।

"लाखों लोगों के रोजगार पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। खासकर लाखों भारतीय कामगारों के लिये बड़ा संकट पैदा हो गया है। ईरान की जवाबी कार्रवाई से पश्चिमी एशिया में बढ़ते संकट से, इस क्षेत्र में आर्थिक उथल-पुथल मची हुई है। दुनिया के प्रमुख वैश्विक जहाजरानी मार्गों पर मंडरा रहे खतरे के बीच ऊर्जा बाजार की स्थिति पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है।

खासकर लाखों भारतीय कामगारों के लिये बड़ा संकट पैदा हो गया है। ईरान की जवाबी कार्रवाई से पश्चिमी एशिया में बढ़ते संकट से, इस क्षेत्र में आर्थिक उथल-पुथल मची हुई है। दुनिया के प्रमुख वैश्विक जहाजरानी मार्गों पर मंडरा रहे खतरे के बीच ऊर्जा बाजार की स्थिति पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। होर्मुज जलडमरूमध्य के पास हुए हमलों के कारण कच्चे तेल और द्रवीकृत प्राकृतिक गैस यानी एलएनजी की ढुलाई पहले ही बाधित हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक तेल आपूर्ति के लगभग पांचवें हिस्से के लिये एक रणनीतिक मार्ग है। लेकिन मौजूदा युद्ध से उपजे हालात में जहाज बीमा कंपनियों ने युद्ध-जोखिम कवरेज वापस ले लिया है। इसके चलते पेट्रोलियम पदार्थों व अन्य उत्पादों की माल ढुलाई लागत बढ़ रही है। युद्ध की विभीषिका के चलते तमाम जहाजों ने अपने मार्ग बदल लिए हैं। कुछ जहाज चलाने वाली कंपनियों ने अपने जहाजों के परिचालन पर रोक लगा दी है। इसका तात्कालिक परिणाम यह है कि कच्चे तेल की कीमतों में काफी उछाल देखा जा रहा है। जिसके चलते ब्रेंट क्रूड की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि देखी जा रही है। इसमें दो राय नहीं कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें आने वाले दिनों में विश्व स्तर पर मुद्रास्फीति के दबाव को बढ़ाएंगी। जाहिरा तौर पर विकासशील व गरीब देशों का आर्थिक संकट और गहरा हो जाएगा।

वहीं दूसरी ओर विकासशील देशों की सरकारों के सामने विकास कार्यक्रमों के लिये वित्तीय संसाधन जुटाना अब एक बड़ी चुनौती होगी। वहीं इन देशों में केंद्रीय बैंकों के लिये भी मुद्रास्फीति और विकास के बीच संतुलन बनाये रखना मुश्किल हो जाएगा। दरअसल, हाल के दिनों में पेट्रोलियम और उसके उत्पादों पर निर्भर परिवहन, रसायन और प्लास्टिक उद्योग तक को बढ़ती लागत का सामना करना पड़ रहा है। जाहिर है इससे इन उद्योगों के लाभ में कमी आ सकती है। साथ ही इन उद्योगों में निवेश धीमा हो सकता है। वहीं दूसरी ओर आपूर्ति में देरी से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं की समस्याएं और भी बढ़ सकती हैं। यह सर्वविदित है कि आज भी भारत अपनी घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिये कच्चे तेल का अस्सी से नब्बे प्रतिशत आयात करता है। इस कच्चे तेल का करीब चालीस फीसदी हिस्सा पश्चिमी एशिया से आता है। मौजूदा विषम परिस्थितियों के बीच होर्मुज जलमार्ग में व्यवधान तथा भू-राजनीतिक जोखिमों में वृद्धि से भारत के तेल आयात बिल के बढ़ने की आशंका बढ़ गई है। वहीं इसके साथ ही देश का राजकोषीय घाटा भी बढ़ सकता है। यहां तक कि कच्चे तेल के दाम में दस डॉलर प्रति बैरल की वृद्धि भी आयात लागत को काफी हद तक बढ़ा सकती है। मौजूद संकट के बीच, विशेष रूप से खाड़ी क्षेत्र को निर्यात के लिये बने व्यापार गलियारे आज जटिल परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर होर्मुज जलमार्ग और आगे के माल ढुलाई नेटवर्क के माध्यम से शिपिंग पर निर्भर इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य वस्तुओं के निर्यात में देरी से लागत के बढ़ने की आशंका है। साथ ही अवसरों के नुकसान होने का खतरा बढ़ रहा है। यूं तो भारत सरकार आत्मविश्वास से भरी नजर आती है, लेकिन यदि पश्चिम एशिया का संघर्ष लंबा चलता है, तो हालात आर्थिक चुनौतियों को काफी हद तक बढ़ा सकते हैं। इस संकट से निपटने के लिए त्वरित नीतिगत प्रतिक्रिया की जरूरत है। वक्त की मांग है कि लगातार विषम होती परिस्थितियों के बीच ऊर्जा स्रोतों का विविधीकरण किया जाये। वहीं दूसरी ओर अस्थिरता से बचाव के लिये तत्काल मजबूत आर्थिक सुरक्षा उपायों की आवश्यकता होगी।

# भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता एक महति ऐतिहासिक उपलब्धि



गिरिराज सिंह

भारत ने वैश्विक मंच पर ऐसा कदम रखा है, जिसे दुनिया अनदेखा नहीं कर सकी। 16वें भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन में भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) औपचारिक रूप से पूरा हुआ। यह एक ऐतिहासिक पल था, जिस पर दशकों से काम हो रहा था। यह समझौता दूरदृष्टि, दृढ़ संकल्प और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत आर्थिक नेतृत्व का परिणाम है।

भारत और यूरोपीय संघ मिलकर दुनिया की चौथी और दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं और दोनों मिलकर वैश्विक जीडीपी का लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा रखते हैं। जब इन दोनों बड़े आर्थिक भागीदारों ने भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया, तो यह केवल एक और व्यापार समझौता नहीं रहा, बल्कि अपने आकार और रणनीतिक महत्व के कारण यह एक बेहद बड़ा और ऐतिहासिक समझौता बन गया।

भारत-ईयू एफटीए तक की यह यात्रा शासन के तरीके में साफ अंतर दिखाती है। वर्ष 2014 से पहले भारत को केवल 19 देशों में व्यापार की पहुंच थी, जबकि आज यह संख्या 56 देशों तक पहुंच गई है। केवल भारत-ईयू एफटीए से ही 27 बड़े और महत्वपूर्ण बाजारों तक पहुंच खुली है। यह स्पष्ट, परिणाम आधारित और मजबूत शासन का प्रतीक है।

आज वैश्विक वस्त्र और परिधान बाजार का आकार 1.1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक हो चुका है। यह दुनिया भर में बढ़ती मांग और तेज़ बदलाव को दिखाता है। दुनिया का कुल आयात वर्ष 2001 में 366.8 अरब डॉलर था, जो बढ़कर 2024 में लगभग 800 अरब डॉलर हो गया है। इससे साफ है कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार लगातार बढ़ रहा है।

इसी वैश्विक माहौल में भारत ने भी अपनी स्थिति लगातार मज़बूत की है। भारत का कुल टेक्सटाइल निर्यात लगभग 10 अरब डॉलर से बढ़कर करीब 40 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। इससे वैश्विक व्यापार में भारत की भागीदारी काफी मजबूत हुई है।

देश के भीतर भी टेक्सटाइल क्षेत्र में तेज़ बढ़त देखी जा रही है। भारत का घरेलू टेक्सटाइल बाजार 138 अरब डॉलर से बढ़कर 2025 में लगभग 190 अरब डॉलर हो गया है। इसका मुख्य कारण उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग और लोगों की बढ़ती खरीद क्षमता है। यह वृद्धि कई नीतिगत सुधारों और सरकारी पहलों से संभव हुई है, जिनसे उत्पादन व्यवस्था को आधुनिक बनाया गया, सप्लाई और वैल्यू चेन को मज़बूत किया गया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा की क्षमता बढ़ी।

इसी पृष्ठभूमि में भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते का महत्व बहुत



ऐतिहासिक बन जाता है। यह समझौता यूरोपीय यूनियन के पूरे बाजार तक भारत की पहुंच खोलता है, जहां लगभग 2 अरब उपभोक्ता हैं और कुल बाजार का आकार करीब 24 ट्रिलियन डॉलर है।

इस समझौते के तहत मूल्य के हिसाब से भारत के 99 प्रतिशत से अधिक निर्यात को विशेष (प्राथमिक) व्यापार सुविधा मिलेगी। साथ ही लगभग 33 अरब डॉलर के सामान पर लगने वाले 10 से 12 प्रतिशत तक के शुल्क (टैरिफ) खत्म हो जाएंगे। इससे दुनिया के सबसे प्रीमियम बाजारों में भारत के उत्पाद और अधिक सस्ते व प्रतिस्पर्धी बनेंगे।

पिछले दो वर्षों में हमने जीडीपी, मांग के रुझान, जनसंख्या और प्रति व्यक्ति आय जैसे आँकड़ों के आधार पर एक नई बाजार विविधीकरण (मार्केट डाइवर्सिफिकेशन) रणनीति तैयार की और उसे आगे बढ़ाया।

अब इस रणनीति के साफ़ नतीजे दिखने लगे हैं। वर्ष 2025 में, वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, भारत के टेक्सटाइल निर्यात ने 100 से अधिक देशों में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है। इससे दुनिया में भारत की मौजूदगी और मजबूत हुई है। इस लक्षित रणनीति के तहत निर्यात में तेज़ बढ़ोतरी हुई है। अर्जेंटीना में 77 प्रतिशत, पराग्वे में 45 प्रतिशत और इजिप्ट में 30 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से रेडीमेड कपड़ों के कारण हुई है। इसके पीछे पिछले दस वर्षों में मैन्युफैक्चरिंग क्षमता का लगातार विस्तार रहा है। बीते दस सालों में भारत के उत्पादन तंत्र में 2 करोड़ से अधिक सिलाई मशीनें जोड़ी गई हैं। इससे उत्पादन बढ़ा है, काम की उत्पादकता बेहतर हुई है और रोज़गार के नए अवसर बने हैं। इस विस्तार को मजबूत नीतिगत समर्थन भी मिल रहा है। केंद्रीय बजट 2026-27 में टेक्सटाइल क्षेत्र को भारत की विकास रणनीति के केंद्र में रखा गया है। इसके तहत मेगा टेक्सटाइल पार्क, एकीकृत वैल्यू चेन, टिकाऊ उत्पादन से जुड़ी पहल और च्समर्थ 2.0ज् के तहत कौशल विकास पर ज़ोर दिया गया है।

इसके साथ ही, प्रमुख टेक्सटाइल क्लस्टरों में टेक्सटाइल निर्यात सुविधा केंद्र बनाए जाएंगे। ये केंद्र एक ही मंच पर निर्यातकों को बाजार से जुड़ी जानकारी, एफटीए से संबंधित मार्गदर्शन, नियमों में सहायता और शुरुआत से अंत तक पूरी सुविधा उपलब्ध कराएंगे।

2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात के लक्ष्य के साथ, भारत की टेक्सटाइल रणनीति बड़े पैमाने, तेज़ रफ्तार और वैश्विक सोच को दिखाती है।

भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता इस गति को और मजबूत करता है। यह केवल एक व्यापार समझौता नहीं है, बल्कि एक रणनीतिक साझेदारी है, जिसके तहत भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच कुल व्यापार और सहयोग को 2030 तक 179 अरब डॉलर से बढ़ाकर 350 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य है। आज भारत सिर्फ वैश्विक व्यापार का हिस्सा नहीं है, बल्कि उसे दिशा देने वाला देश बन रहा है।

**लेखक केंद्रीय वस्त्र मंत्री हैं। व्यक्त किए गए विचार उनके निजी हैं।**

# हर जीत के पीछे रहे उन अज्ञात कॉन्ट्रिब्यूटर्स की भी सराहना करें



एन. रघुरामन

क्या आप बता सकते हैं कि इस रविवार ईडन गार्डन मैदान पर जब इंडिया और वेस्ट इंडीज के बीच क्वार्टर फाइनल खेला गया, तब किसने किसको यह कहा कि 'शांत रहो और काम पूरा होने तक क्रीज पर टिके रहो'? जब तक जोशीले क्रिकेट प्रशंसक जवाब सोचें, मैं आपको और अनजान कॉन्ट्रिब्यूटर्स की ओर ले चलता हूं।

हममें से अधिकतर ने देखा है कि नई गेंद से, खासकर टी20 मैचों में, जसप्रीत बुमराह शुरू में उनके तयशुदा चार में से कम से कम दो ओवर तो गेंदबाजी करते ही हैं। लेकिन इस मैच में 11वें ओवर तक उन्होंने एक ही ओवर डाला।

मतलब, कप्तान सूर्य कुमार यादव ने उन्हें ट्रंप कार्ड की तरह बचाकर रखा और तय किया कि जब मैच का रुख मोड़ना होगा, तब इस्तेमाल करेंगे। वेस्ट इंडीज की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी पर लगाम कसने के लिए भारत को तत्काल विकेट की जरूरत थी।

फॉर्मेट चाहे कोई हो, जरूरत पड़ने पर किसी भी कप्तान की सर्वाधिक सहायता बुमराह ने ही की है। वेस्ट इंडीज की ओर से रनों की बौछार देख कर खिलाड़ियों के साथ प्रशंसकों का उत्साह भी टूटने लगा था।

लेकिन 12वें ओवर में जैसे ही बुमराह ने रन-अप लिया, अचानक स्टैंड्स से ऊर्जा हिलोरें लेने लगी। शिमरोन हेटमायर हिटिंग कर रहे थे और चेस रन बटोर रहे थे। हेटमायर के हाथ बहुत तेज चलते हैं और उन्हें बाउंस का भी भय नहीं। लेकिन बुमराह की सटीक गेंदबाजी उन्हें बांधे रख सकती थी।

उन्होंने शुरुआती दो गेंदें स्लोअर डालीं और तीसरी ही



हार्ड लेंथ गेंद पर हेटमायर को आउट कर दिया। फिर उसी ओवर में बुमराह ने गुड लेंथ से थोड़ी छोटी गेंद फेंकी, जिसने क्रीज पर जमे चेस की पारी भी खत्म कर दी।

अब मैं आपको दूसरी पारी में ले चलता हूं। एक तरफ संजू सैमसन दीवार की तरह खड़े थे, लेकिन दूसरा छोर डगमगा रहा था। तीसरे ओवर में अभिषेक शर्मा, 5वें में ईशान किशन और 11वें ओवर में सूर्य कुमार यादव का विकेट चला गया। जब सैमसन ने अर्द्धशतक पूरा किया, तब भारत का स्कोर 98/2 था।

उनके अर्धशतक के साथ पूरा स्टेडियम गूंज उठा और गौतम गंभीर कुर्सी से उठकर सैमसन का उत्साह बढ़ाने लगे। उन्होंने कप्तान यादव की प्रशंसा स्वीकार की और गंभीर की ओर देखा, जैसे धन्यवाद देते हुए कह रहे हों कि मैंने अपना काम पूरा किया।

इसी वक्त गंभीर ने इशारे से कहा, धीरे खेलो और टिके रहो। सैमसन ने भी पलकों के इशारे से जवाब दिया, 'मैं टिका रहूंगा।' और उन्होंने वादा निभाया। लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि एक रन बाद ही, 99 पर यादव भी आउट हो जाएंगे।

संजू में अर्द्धशतक पूरा करने का उत्साह भी नहीं दिखा। जिस खिलाड़ी ने 26 गेंदों में 53 रन बनाए, उसी ने अगली 24 गेंदों में 44 रन भी ठोके, जबकि वो जानते थे कि उस वक्त सिर्फ वही क्रीज पर जमे इकलौते बल्लेबाज हैं।

बाकी दो आए, थोड़ा रुके और चले गए। संजू धीरे, टिक कर और सतर्कता से खेल रहे थे, लेकिन इच्छित लक्ष्य की ओर बढ़ रहे थे। यकीनन, संजू के 97 रनों ने भारत को सेमीफाइनल में पहुंचाया। लेकिन याद रखें कि टीम के अन्य सदस्यों के छोटे-बड़े योगदान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

यह वैसा ही है, जैसे आपके एसएससी और एचएससी के रिजल्ट आने वाले हों और सफलता का जश्न मनाएं तो उस मां को ना भूलें, जो देर रात तक आपके साथ जागती रहीं। उन ग्रैंड पैरेंट्स को मत भूलिए, जिन्होंने कई बार मंदिर जाकर आपके लिए प्रार्थना की और उस पिता को भी मत भूलिए, जो आपको परीक्षा केंद्र तक छोड़ने गए और आपको गुड लक कहा। निस्संदेह आपने पढ़ाई की और अंक हासिल किए। हीरो तो आप ही हैं, लेकिन अन्य फैक्टर्स को अनदेखा नहीं कर सकते।

फंडा यह है कि उन अज्ञात फैक्टर्स और नायकों की प्रशंसा करने की आदत डालें, जिन्होंने आपको जिताने में मदद की। ऐसे जज्बे ही होली की तरह जीत को रंगीन बना देते हैं।

# निर्यात बढ़ाने को जरूरी खास रणनीतिक उपाय

डॉ. जयन्तिलाल भंडारी

ईरान और इस्राइल-अमेरिका के बीच युद्ध से निर्मित हालात से भारतीय निर्यात पर पड़ने वाले प्रभाव पर संबंधित मंत्रालयों, निर्यातक संगठनों और शिपिंग कंपनियों द्वारा जारी विचार मंथन में दो अहम बातें सामने आ रही हैं। एक, इस युद्ध से भारत के सामने निर्यात घटने और व्यापार घाटा बढ़ने की नई चुनौती खड़ी हो गई है। दो, युद्ध के दौर में सरकार द्वारा निर्यातकों को हरसंभव सहयोग-प्रोत्साहन, व्यापार समझौतों के क्रियान्वयन और सुधारों की डगर पर आगे बढ़ना होगा।

उल्लेखनीय है कि भारत के लिए अमेरिका, इस्राइल और ईरान तीनों ही निर्यात के अहम बाजार हैं, ऐसे में न केवल इन तीनों देशों में, बल्कि युद्ध प्रभावित पश्चिम एशियाई और यूरोपीय देशों में भी भारत से होने वाले निर्यात प्रभावित होंगे। विभिन्न देशों में भारत से निर्यात होने वाले खाद्य उत्पाद, टेक्सटाइल, इंजीनियरिंग सामान, बासमती चावल, चाय, मशीनरी, फार्मास्युटिकल्स, रत्न-आभूषण, प्लास्टिक और रबर जैसे क्षेत्रों में निर्यात प्रभावित हो सकते हैं।

युद्ध के बीच ईरान द्वारा दुनिया के सबसे अहम तेलमार्ग होर्मुज स्ट्रेट बंद किए जाने से विभिन्न देशों के बाजारों में माल ढुलाई और बीमा प्रीमियम की लागत बढ़ने से भी भारतीय निर्यात प्रभावित हो सकते हैं। इतना ही नहीं, युद्ध के कारण सोने-चांदी की कीमतों में भारी उछाल से इनके



आयात के बढ़े हुए मूल्य के कारण भारत का व्यापार घाटा और बढ़ता नजर आ सकता है। ऐसे में अब युद्ध के कारण निर्यात घटने और व्यापार घाटा बढ़ने की नई चुनौती के मद्देनजर भारत द्वारा निर्यात बढ़ाने व व्यापार घाटा नियंत्रित रखने को रणनीतिक कदमों के साथ आगे बढ़ना जरूरी है।

इसके मद्देनजर चार महत्वपूर्ण बातों पर ध्यान देना होगा। पहला, भारत द्वारा विभिन्न देशों के साथ किए गए द्विपक्षीय और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के तहत तेजी से कारोबार और निर्यात बढ़ाने के लिए रणनीतिक कदम आगे बढ़ाना। दूसरा, व्यापार समझौतों का पूरा लाभ उठाने के लिए देश में गुणवत्तापूर्ण उत्पादन और नए सुधारों पर ध्यान केंद्रित करना। तीसरा, निर्यात के नए बाजारों में प्रवेश करना। चौथा, आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए हाल में पेश केंद्रीय बजट के तहत घोषित निर्यात प्रोत्साहनों के क्रियान्वयन पर नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत से ही ध्यान दिया जाना।

गौरतलब है कि भारत द्वारा कई देशों के साथ जो एफटीए किए गए हैं, उन्हें शीघ्रता से क्रियान्वयन की डगर पर आगे बढ़ाना होगा। इनमें 27 जनवरी को भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) के शिखर सम्मेलन के दौरान घोषित एफटीए सबसे महत्वपूर्ण है। यह एफटीए दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच तालमेल का शानदार उदाहरण है और भारत के लिए अत्यधिक लाभप्रद है। इस समझौते को सभी व्यापार समझौतों की जननी यानी मदर ऑफ ऑल ट्रेड डील्स कहते हुए रेखांकित किया गया है कि दुनिया के वर्तमान 'ग्रोथ सेंटर' और इस सदी के आर्थिक पॉवर हाउस भारत के साथ यह एफटीए यूरोप को दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते आर्थिक क्षेत्रों में पहली बढ़त दिलाएगा।

पिछले वर्ष 2025 में भारत द्वारा ब्रिटेन, ओमान और न्यूजीलैंड के साथ किए गए एफटीए का वर्ष 2026 में कार्यान्वयन अहम होगा। इन सबके साथ-साथ मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और चार यूरोपीय देशों आइसलैंड, स्विट्ज़रलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टीन के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के साथ कार्यान्वित हो रहे एफटीए के और अधिक लाभ मिलते हुए दिखाई देंगे। साथ ही इस वर्ष पेरू, चिली, आसियान, मैक्सिको, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इस्राइल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल सहित अन्य प्रमुख देशों के साथ भी नए एफटीए को आकार देने की पहल की जानी होगी।

ईरान और इस्राइल-अमेरिका युद्ध के बीच भारत से निर्यात बढ़ाना कोई सरल काम नहीं। ऐसे में भारत द्वारा निर्यात बढ़ाने के लिए चिन्हित किए गए करीब 200 देशों में निर्यात की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। एक फरवरी को वित्तमंत्री द्वारा पेश केंद्रीय बजट 2026-27 में विनिर्माण, वस्त्र, चमड़ा और समुद्री भोजन जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए निर्यात बढ़ाने के लिए जो कई रणनीतिक उपाय किए गए हैं, उन पर नए वित्तीय वर्ष में शुरुआत से ध्यान देना होगा।

नि:संदेह, इस समय वैश्विक व्यापार और वैश्विक निर्यात में कमी की चुनौतियां सामने खड़ी है, तब भारत से निर्यात बढ़ाने के मद्देनजर निर्यातकों की दिक्कतों को कम करना होगा। ये दिक्कतें केवल शुल्क वृद्धि तक सीमित नहीं वरन एंटी-डंपिंग शुल्क से भी संबंधित हैं। घरेलू कच्चे माल की ऊंची लागत और ईंधन की उच्च कीमतों के कारण भी भारत द्वारा निर्यात किए जाने वाले उत्पाद वैश्विक स्तर से करीब 15-20 फीसदी की अधिक लागत पर दिखाई देते हैं। निर्यात बढ़ाने के लिए राज्यों में मान्यताप्राप्त आधुनिक प्रयोगशालाएं भी जरूरी हैं।

घरेलू ढांचागत सुधारों के प्रति भी नए सिरे से प्रतिबद्धता आवश्यक होगी। इस हेतु देश में नियमों और नियामक संस्थाओं के कामकाज में मूलभूत बदलाव की जरूरत है। कर सुधारों को और गहराई देने के साथ जीएसटी प्रणाली को प्रभावी बनाया जाये। सिस्टमैटिक्स ग्रुप की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत द्वारा व्यापार समझौतों का अधिकतम लाभ लेने के लिए घरेलू कंपनियों को गुणवता, तकनीक और कुशल कर्मियों के साथ आगे बढ़ना होगा। हमें घरेलू उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक ताकत बढ़ाने, एफटीए के लिए जागरूकता में इजाफे, गैर-टैरिफ बाधाएं दूर करने, सेवा क्षेत्र का लाभ उठाने, निर्यात में विविधता, कृषि और संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा करने के साथ-साथ, पर्यावरण और श्रम मानकों के परिपालन पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

**लेखक अर्थशास्त्री हैं।**

# मनुष्य की बुद्धि को चुनौती

भारत एआई क्रांति में अग्रणी तब होगा, जब उसका अपना लार्ज लैंग्वेज मॉडल होगा और उस पर आधारित प्लेटफॉर्म होंगे, जिनका इस्तेमाल भारत के लोगों के साथ साथ दुनिया के लोग भी करेंगे। अगर ऐसा नहीं होता है तो यहां भी हम सेक्टर स्पेशिफिक एप्लीकेशन बनाते रह जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 के उद्घाटन भाषण में वैसे तो कई बातें कहीं लेकिन पूरे भाषण का सार यह है कि इसे भय के तौर पर देखा जाए या भाग्य के तौर पर। उन्होंने कहा कि कुछ लोग एआई को भय के तौर पर देख रहे हैं लेकिन भारत इसे भाग्य के तौर पर देख रहा है।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि एआई ने पूरी दुनिया में अगर नई संभावनाओं के रास्ते खोले हैं तो भय भी पैदा किया है। भय इसलिए क्योंकि यह पहली संज्ञानात्मक क्रांति है। पहली बार ऐसा हो रहा है कि कृत्रिम बुद्धि मनुष्य की बुद्धि को चुनौती दे रही है। मनुष्य जो काम नहीं कर पाता था या जो काम करने में उसे घंटों या महीनों का समय लगता था वह काम अब एआई के जरिए चुटकियों में हो रहा है। इसलिए इसे सिर्फ नौकरी के लिए खतरे के तौर पर नहीं देखा जा सकता है। यह सभ्यता, संस्कृति और समस्य मानवीय मूल्यों के लिए चुनौती की तरह है।

जहां तक इस संज्ञानात्मक क्रांति में भारत की स्थिति की बात है तो उसकी एक झलक इसी एआई इम्पैक्ट समिट में दिखाई दी। पहले दिन जिस तरह की अव्यवस्था हुई उसे लेकर सोशल मीडिया में खूब तंज किए गए। कहा गया कि एआई समिट में ही एआई का इस्तेमाल नहीं किया गया। इसके बाद एक यूनिवर्सिटी की ओर से चीन के रोबोडॉग और कोरिया के ड्रोन को अपना बना कर पेश करने की घटना हुई, जिसने भारत की क्षमताओं पर गंभीर सवाल खड़े किए। यह सही है कि उसे प्रतिनिधि घटना के तौर पर नहीं पेश किया जा सकता है लेकिन इस घटना ने एआई के सेक्टर में भारत की तैयारियों और उपलब्धियों को संदेह की नजर से देखने के लिए बाध्य किया है।

इस समिट में दुनिया भर के देशों के नेता या स्टार्टअप के फाउंडर्स या प्रौद्योगिकी के क्षेत्र की महाबली कंपनियों के प्रमुख भारत के बारे में क्या कहते हैं इससे कोई धारणा बनाने की जरुरत नहीं है। उनके लिए भारत एक बाजार है इसलिए वे बड़े बड़े निवेश के वादे कर रहे हैं या भारत की तारीफ कर रहे हैं। उनकी तारीफों के आधार पर भारत को अपना आकलन नहीं करना चाहिए। भारत को अपनी तैयारियों और उपलब्धियों का आकलन वस्तुनिष्ठ तरीके से करना चाहिए।

# ITR फाइल 500/-

Whatsapp पर बनवाएं

Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस

हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।

www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544



# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



प्रिंट और डीजिटल मीडिया में सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए संपर्क करे



Mob.-: 9303289950 7987166110




## प्रमुख खबरें




### उत्पादकता और प्रगति के नवाचारी प्रयास एपेक्स अवार्ड से सम्मानित

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग विभाग (आईईडी) द्वारा 27 फरवरी को महात्मा गांधी कलामंदिर सभागार में भिलाई स्टील सुझाव योजना के अंतर्गत एपेक्स पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र मुख्य अतिथि थे। संयंत्र के विभिन्न शॉप्स एवं विभागों से कुल 3,850 सुझाव प्राप्त हुए। क्षेत्रीय पुरस्कार समितियों द्वारा 70 सुझावों को एपेक्स स्तर पर विचारार्थ अनुशंसित किया गया। एपेक्स पुरस्कार समिति द्वारा विभिन्न श्रेणियों में 16 टीमों का चयन प्रतिष्ठित एपेक्स पुरस्कार हेतु किया गया। 3 टीमों को श्रेणी-1, 5 टीमों को श्रेणी-2 तथा 8 टीमों को श्रेणी-3 पुरस्कार प्रदान किए गए।

### धमधागढ़ गोंड महासभा के अध्यक्ष बने दिलीप ध्रुव



**दुर्ग।** केन्द्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ के केन्द्रीय अध्यक्ष एमडी ठाकुर ने केन्द्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ युवा प्रभाग अध्यक्ष दिलीप ध्रुव को नियुक्त किया गया। नियुक्ति पर गोंड समाज लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है और महासभा प्रमुख पदाधिकारी गण समाज से जुड़े प्रमुख जनों ने दिलीप ध्रुव कि नियुक्ति पर बधाई दी है। पन्नालाल नेताम, सीता राम ठाकुर, तुलसी ध्रुव, हेमंत ठाकुर, बबलु ध्रुव, सुनील उईके ने बधाई दी।









# न्यू प्रेस क्लब ऑफ भिलाई नगर का होली मिलन

## रंग-गुलाल में सराबोर हुआ नई कार्यकारिणी का पहला सार्वजनिक समारोह, सांसद बघेल सहित कलेक्टर-एसपी हुए शामिल

श्रीकंचनपथ समाचार




**भिलाई।** न्यू प्रेस क्लब ऑफ भिलाई नगर द्वारा सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन आकाश गंगा प्रेस परिसर गार्डन में किया गया। एक दिन पहले चुनी गई नई कार्यकारिणी ने 12 घंटे से भी कम समय में एक वृहद आयोजन को सफलता पूर्वक संपन्न किया। कार्यक्रम में दुर्ग के सांसद विजय बघेल, कलेक्टर अभिजीत सिंह, एसएसपी विजय अग्रवाल सहित शहर के जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान भिलाई के पत्रकारों के साथ जनप्रतिनिधियों ने जमकर होली खेली।

कार्यक्रम के दौरान सांसद विजय बघेल ने कहा कि भिलाई केवल एक औद्योगिक नगरी ही नहीं, बल्कि प्रेम नगरी के रूप में भी अपनी पहचान रखती है। यहां की सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारा पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का ऐसा सजग और जागरूक वर्ग है जो सच्चाई को सामने लाकर लोकतंत्र को सशक्त बनाता है। सांसद बघेल ने कहा आप सभी मुझे एक जनप्रतिनिधि के साथ-साथ भाई और मित्र के रूप में भी सदैव पायेंगे। वरिष्ठ और कनिष्ठ पत्रकारों के बीच समन्वय एवं एकता ही पत्रकारिता की वास्तविक ताकत है। होली के पावन अवसर पर उन्होंने सभी को रंगों के इस पर्व की शुभकामनाएं दीं और समाज में प्रेम, सौहार्द एवं सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया।

### कलेक्टर व एसएसपी ने होली जलाकर दी शुभकामनाएं

कार्यक्रम की शुरुआत में कलेक्टर अभिजीत सिंह व एसएसपी विजय अग्रवाल ने होलिका दहन की परंपरा निभाई। अपने संबोधन में कलेक्टर सिंह ने आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिले की कमान संभाले उन्हें एक वर्ष हुआ है और इस दौरान पत्रकारों का काफी सहयोग मिला है। प्रशासनिक कार्यों में दक्षता लाने में पत्रकारों की कलम का सहयोग रहता है। हमारी कमियों को उजागर कर एक तरह से मार्गदर्शन करते हैं। उन्होंने भिलाई प्रेस क्लब के सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान एसएसपी विजय अग्रवाल ने कहा कि होली के मौके पर पुलिस की जिम्मेदारी काफी बढ़ जाती है। शहर की सुरक्षा व हुडदंगियों से निपटने की चुनौती होती है। इस बीच होली मिलन समारोह जैसे आयोजन सुकून देते हैं। एसएसपी अग्रवाल ने भी सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

### सांसद ने 'मोर संग चलो गा' गाकर दिया एकता का संदेश

कार्यक्रम के सांस्कृतिक चरण में सांसद बघेल ने मंच पर 'मोर संग चलों गा' गीत गाकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। प्रसिद्ध कलाकार लक्ष्मण मस्तुरिया के गीतों की प्रस्तुति ने भी माहौल को रंगारंग बना दिया।

वहीं पत्रकार शमशेर द्वारा प्रस्तुत गीत-गज़ल 'होली कैसे मनाऊं लाला' को श्रोताओं ने खूब सराहा। उनके व्यंग्यात्मक अंदाज़ ने कार्यक्रम में हास्य और मनोरंजन का रंग भर दिया। समारोह के अंत में आपसी सौहार्द के साथ अबीर-गुलाल लगाकर सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान भिलाई निगम के महापौर नीरज पाल, एचटीसी के डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह छोटू, श्रीराम जन्मोत्सव समिति के मनीष पाण्डेय मलकीत सिंह, जोगा राव आदि ने भी शिरकत की। इस अवसर पर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि का सम्मान किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में न्यू प्रेस क्लब ऑफ भिलाई के अध्यक्ष अनिल गुप्ता, महासचिव दिलीप शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील चौहान, कोषाध्यक्ष दिनेश चौहान, उपाध्यक्ष जयप्रकाश आर्य, रघुनंदन पंडा, कार्यालय सचिव मोहन राव, सचिव जोगिंदर सिंह, गौकरण निषाद, सह सचिव भोपाल देवांगन सहित कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार आर्य, सोनू यादव, पी मोहन, सर्वेस सिंह, योगेश वर्मा व सुरेन्द्र ठाकुर व सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम के दौरान भिलाई एएसपी सुखनंदन राठौर, सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी, सुपेला थाना प्रभारी विजय यादव, एसआर हॉस्पिटल के डायरेक्टर संजय तिवारी, भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, वरिष्ठ भाजपा नेता विष्णु पाठक, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय नायक, प्रभुनाथ मिश्र, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, महेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में पत्रकार व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने एक दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

### चंद्रनगर कोहका में होलिका दहन व होलीमिलन समारोह आयोजित हुआ



**भिलाई।** चंद्रनगर कोहका में होलीका दहन व होलीमिलन समारोह आयोजित हुआ जिसमें मुख्य रूप से कालोनी के सभी नागरिक उपस्थित थे। भाजपा नेता शारदा गुप्ता ने कहा कि होली का यह पावन त्योहार हमें अच्छाई की जीत और बुराई के नाश का संदेश देता है। हम सभी होली के रंगों में रंगकर अपने जीवन को खुशियों और रंगों से भरें। सभीको ढेरों शुभकामनाएं!

इस अवसर पर शारदा गुप्ता संतोष सोनी यश डुलानी सत्यनारायण अजय प्रसाद रेखा ब्रम्हे राजकुमार ब्रम्हे सुनीता राणे गीता चौधरी नीलम भारती सुधा शिवकुमारी प्रजापति अनीता सिंह यशोदा मिश्रा नीलम देवी प्रभावती कोमल दुलानी यश दुलानी लीलावती वर्मा शोभा चौरे रेखा देवी गीता चौधरी चमेली देवी शिव कुमारी प्रजापति सहित सैकड़ो प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### निगम परिसर में महापौर अलका बाघमार ने पूजा अर्चना कर किया होलिका दहन



**दुर्ग।** होली पर्व के पावन अवसर पर नगर पालिक निगम परिसर में महापौर अलका बाघमार ने विधि-विधान से होलिका दहन किया। महापौर ने कहा कि होली का पर्व हमें आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का संदेश देता है। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि हमें समाज में व्याप्त नकारात्मकता को त्यागकर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि निगम परिवार सदैव शहर के विकास एवं नागरिकों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर प्रभारी हर्षिका संभव जैन, एमआईसी नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चंद्रकार, शेखर चंद्रकार, लीना दिनेश देवांगन, मनीष साहू, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, काशीराम कोसरे, शिव नायक,नीलेश अग्रवाल, शशि साहू, लीलाधर पाल, नेता प्रति पक्ष संजय कोहले, जनप्रतिनिधिगण एवं निगम अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### संगीत महाविद्यालय में फगुनिया; सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुआ आगाज़




**रायपुर।** नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय में आयोजित फगुनिया महोत्सव बड़े ही उत्साह एवं सांस्कृतिक वातावरण में संपन्न हुआ। अतिथि प्राध्यापक सरला साहू द्वारा प्रस्तुत 'मुख मुरली बजाए छोटे से श्याम कन्हैया' एवं 'होली खेले नंदलाल, होली खेले राधा नंदलाल ब्रज में' ने सभी को फागुन के रंग में सराबोर कर दिया। लोक संगीत विभाग की भारती जंघेल ने भी अपनी सहभागिता से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। अमन साहू ने अंबे माता पर आधारित होली प्रस्तुति दी तथा कुशल कुमार द्वारा 'खेले मसाने में होली दिगंबर' की प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई। संगतकारों में माधवराव ने हारमोनियम पर, अरुण ने नगाड़ा (दुदुम) पर, पंकज ने बैंजो पर तथा मनीष ने ढोलक पर अपनी शानदार संगत देकर कार्यक्रम को संगीतपूर्ण बना दिया।

### नगर निगम में होली मिलन: भक्तिमय गीतों से माहौल हुआ मंगलमय



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम में सोमवार को होलिका दहन और फूलों की होली कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महापौर अलका बाघमार सहित जन प्रतिनिधि निगम के अधिकारी/कर्मचारी एक साथ दिखे। इस मौके पर महापौर अलका बाघमार, संस्कृति व मनोरंजन प्रभारी हर्षिका संभव जैन, नेता-प्रति पक्ष संजय कोहले व जन प्रतिनिधियों एवं निगम के सदस्यों ने एक दूसरे को फूल बरसाकर होली की बधाई व शुभकामनाएं दी। होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। आज भेदभाव को भुलकर आपसी भाईचारा बनाए रखने के लिए संकल्प लेने का दिन है। महापौर ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि आज सभी वार्ड पार्षद एक साथ खुशी का त्योहार मना रहे हैं। भजनों में सभी ने जमकर नाचे।इस दौरान सभी ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी।

# न्यू प्रेस क्लब ऑफ भिलाई के अध्यक्ष बने अनिल, चुने गए 16 पदाधिकारी

श्रीकंचनपथ समाचार



**भिलाई।** न्यू प्रेस क्लब ऑफ भिलाई नगर के द्विवार्षिक चुनाव रविवार को संपन्न हुआ। अध्यक्ष महासचिव सहित कुल 16 पदों के लिए क्लब के सदस्यों ने मतदान किया।97 में से 94 मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया है। अनिल गुप्ता अध्यक्ष निर्वाचित हुए। अनिल गुप्ता ने अपने निकटतम अभ्यर्थी निलेश त्रिपाठी को 13 मतों के अंतर से पराजित किया।

अध्यक्ष पद के लिए कुल पांच प्रत्याशी थे। अनिल गुप्ता, निलेश त्रिपाठी, रत्नाकर अल्वा, जेएम तांडी और खिलावन सिंह चौहान मैदान में थे। अनिल गुप्ता को सर्वाधिक 39 मत मिले। दूसरे नंबर पर निलेश त्रिपाठी को 26 वोट मिले। खिलावन सिंह चौहान को 19, जेएम टांडी को 6 और रत्नाकर अल्वा को 4 मत मिले।

चुनाव में नजदीकी मुकाबला महासचिव के लिए रहा। महासचिव के पद पर वरिष्ठ महिला पत्रकार कोमल धनेसर व दिलीप शर्मा के बीच सीधा मुकाबला था। दिलीप शर्मा को 47 और कोमल धनेसर को 45 मत मिले।

दिलीप शर्मा 2 मतों के अंतर से विजयी हुए। इसी प्रकार वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए भी सीधा मुकाबला सुनील चौहान व सत्य नारायण शुक्ला के बीच था। सुनील चौहान को 49 और सत्यनारायण शुक्ला को 39 मत मिले।

उपाध्यक्ष दो पदो के लिए रघुनंदन पंडा, जय प्रकाश आर्य और यदुनंदन मिश्रा चुनावी मैदान में थे। इसमें जयप्रकाश आर्य को 65, रघुनंदन पंडा को 53 व यदुनंदन मिश्रा को 39 मत मिले। इस प्रकार उपाध्यक्ष पद पर जयप्रकाश आर्य व रघुनंदन पंडा चुने गए। कार्यलय सचिव के पद पर के मोहन राव चुने गए। इस पद के लिए के मोहन राव को 52 वोट और शमसुद्दीन खान को 36 वोट मिले। इसी प्रकार सह सचिव के पद पर भोपाल देवांगन चुने गए। भोपाल देवांगन को 59 व शमशीर शिवानी को 31 मत मिले।

चुनाव के दौरान कार्यकारिणी सदस्यों के 6 पदों के लिए भी मतदान हुआ। इसके लिए कुल 7 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। राजकुमार आर्या सर्वाधिक 72 मतों के साथ पहले स्थान पर रहे। इसके बाद पी मोहन व सोनू यादव 67-67 मत मिले। सर्वेश सिंह व योगेश वर्मा को 65-65 मत मिले। सुरेन्द्र ठाकुर को 61 व सुरेन्द्र सिंह विराट को 48 मत मिले। कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में राजकुमार आर्य, सोनू यादव, पी मोहन, सर्वेस सिंह, योगश वर्मा व सुरेन्द्र ठाकुर चुने गए।

न्यू प्रेस क्लब ऑफ भिलाई नगर के चुनाव में इस बार कोषाध्यक्ष व सचिव निर्विरोध चुने गए। सचिव के दो पदों के लिए जोगिंदर सिंह सोनू व गौकरण निषाद ने नामांकन भरा। अन्य कोई प्रत्याशी नहीं होने के कारण दोनों निर्विरोध चुने गए। इसी प्रकार कोषाध्यक्ष के एक पद के लिए दिनेश चौहान का एक मात्र नामांकन आया। इस पद पर दिनेश चौहान निर्विरोध चुने गए।


Since 1972

CROWN-TV®

Choice Of Millions

Washing Machine / Cooler
Available All Size



CONTACT :
Atlas Radio Traders (Crown)
Sect.-3, D-48, Ward No. 22
Devendra Nagar, Raipur (C.G.) 492009
Near Akash Gas Agency Line

# चैत्र नवरात्रि मेले की तैयारी तेजः डोंगरगढ़ में प्रशासन ने बनाई व्यापक कार्ययोजना

श्रीकंचनपथ न्यूज




**डोंगरगढ़।** 19 मार्च 2026 से शुरू होने वाले चैत्र नवरात्रि मेले को लेकर माँ बम्लेश्वरी मंदिर में जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने की, जिसमें विधायक हर्षिता बघेल और पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में श्रद्धालुओं और पदयात्रियों की सुविधा, स्वास्थ्य सेवाओं, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रशासन ने बताया कि नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु डोंगरगढ़ पहुंचते हैं, जिसे देखते हुए पेयजल, बिजली, साफ-सफाई और पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। अंजोरा से अछोली मार्ग तक सेवा पंडाल स्थापित किए जाएंगे, जहां श्रद्धालुओं को विश्राम और भोजन की सुविधा मिलेगी।

चिकित्सा विभाग को ओआरएस, आवश्यक दवाइयों और प्राथमिक उपचार सामग्री की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मंदिर परिसर के ऊपर और नीचे डॉक्टरों तथा पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती रहेगी। पदयात्रियों को होने वाली सामान्य समस्याओं, जैसे पैरों में छाले, के उपचार के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। मेला स्थल और मंदिर परिसर में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। कंट्रोल रूम के माध्यम से सतत निगरानी की जाएगी तथा क्विक रिस्पांस टीम भी सक्रिय रहेगी। दुर्घटना संभावित स्थानों पर संकेतक, रेडियम पट्टियां और अस्थायी स्पीड ब्रेकर लगाए जाएंगे। रोपवे के फिटनेस प्रमाणपत्र और मेंटेनेंस की समीक्षा की गई है। खाद्य सुरक्षा विभाग को मिष्ठान्न और अन्य खाद्य पदार्थों की नियमित जांच के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही डोंगरगढ़ को प्लास्टिक मुक्त रखने और मंदिर परिसर व सीढ़ियों की विशेष सफाई व्यवस्था पर जोर दिया गया है। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। मेले की समस्त व्यवस्थाओं के समन्वय के लिए एक केंद्रीय कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा।

## खास खबर

### नवोदय विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के एक शापिंग मॉल परिसर में जवाहर नवोदय विद्यालय भूपदेवपुर (रायगढ़) के पूर्व छात्र - छात्राओं के संगठन (जार एसोसिएशन) द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संगठन के रायपुर जोन के अंतर्गत आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता गणेश लाल पटेल, अनुराधा चौधरी एवं हर्षलता मिश्रा ने की। इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों — गणेश लाल पटेल, अनुराधा चौधरी, हर्षलता मिश्रा, प्रवीण भगत, पद्मलोचन साव, विवेक पटेल, डॉ. संतोष राठिया, शालिनी गुप्ता, ज्योति प्रकाश जायसवाल, महेंद्र कुमार, अनिल मरावी, भूपेश कुमार एवं शुभम आर्य तथा सभी के परिवारों ने अपनी सहभागिता दी। जवाहर नवोदय विद्यालय एलुमनी एसोसिएशन रायगढ़ (जार)ने दो दिन पहले एक मार्च को इस कार्यक्रम का आयोजन किया था, जहाँ सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं तथा आपसी प्रेम और सदभावना के साथ एकता का संदेश दिया। पूर्व विद्यार्थियों ने अपनी पुरानी स्मृतियों को साझा करते हुए संगठन की एकजुटता को और अधिक सुदृढ़ करने का संकल्प लिया।

### खाड़ी देशों में फंसे छत्तीसगढ़ के 150 से अधिक नागरिक, सुरक्षित वापसी की उठी मांग

**रायपुर।** खाड़ी देशों में मौजूदा अंतरराष्ट्रीय हालात के बीच छत्तीसगढ़ के 150 से अधिक नागरिकों के फंसे होने की जानकारी सामने आई है। इन नागरिकों की सुरक्षित घर वापसी को लेकर चिंता जताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, प्रदेश के कई लोग रोजगार के सिलसिले में खाड़ी देशों में गए हुए हैं। वर्तमान परिस्थितियों के कारण वहां परिवहन सेवाएं प्रभावित हुई हैं, जिससे उनकी वापसी फिलहाल संभव नहीं हो पा रही है। बताया जा रहा है कि अबूधाबी, ईरान, यूएई, तेहरान, सिंगापुर और बाली जैसे स्थानों पर प्रदेश के नागरिक मौजूद हैं। इन परिस्थितियों के चलते उनके परिजनों में भी चिंता का माहौल है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संचार विभाग की ओर से नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने की मांग रखी गई है। साथ ही संबंधित एजेंसियों से आवश्यक कदम उठाने की अपील की गई है, ताकि सभी लोग सकुशल अपने घर लौट सकें।

### फिट इंडिया कैंपेन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है होगी बस्तर हैरिटेज मैराथन

**जगदलपुर।** रविवार 22 मार्च को आयोजित होने वाली 'बस्तर हेरिटेज मैराथन 2026' न केवल खेल प्रेमियों के लिए एक मंच बनेगी, बल्कि यह पूरे क्षेत्र की नई और सकारात्मक पहचान को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने का एक महा-अभियान भी साबित होगी। कलेक्टर आकाश छिकारा ने इस गौरवशाली आयोजन को लेकर जिलेवासियों सहित समूचे क्षेत्र के नागरिकों से भावुक अपील करते हुए कहा है कि वे इस मैराथन में अपनी अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने बस्तर हेरिटेज मैराथन के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि केंद्र सरकार के 'फिट इंडिया कैंपेन' के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना इस मैराथन का एक प्रमुख लक्ष्य है। प्रशासन का ध्येय है कि बस्तर को ऊर्जा, सकारात्मकता और अटूट एकजुटता के प्रतीक के रूप में राष्ट्रीय मानचित्र पर गौरवान्वित किया जाए। बल्कि अपने आसपास के लोगों, मित्रों और परिजनों को भी इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जितनी बड़ी भागीदारी होगी।

# सेवा और समर्पण भाव के कारण भारतीय डॉक्टरों को देश के बाहर भी मिलता है सम्मान : राज्यपाल

## राज्यपाल ने छत्तीसगढ़ में सुपर स्पेशलिटी कार्डियक फैसिलिटी की स्थापना पर दिया बल

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने आज भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स रायपुर में रेस्पिरेटरी इंटेंसिव केयर यूनिट का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में एम्स एक विश्वसनीय संस्थान रहा है। जब हम सुपर स्पेशलिटी चिकित्सा संस्थानों की बात करते हैं एम्स का नाम सबसे ऊपर होता है। यह गर्व का विषय है कि भारत के सभी राज्यों में एम्स की स्थापना हो चुकी है। एम्स रायपुर में इलाज हेतु आए मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

इस लिहाज से इस संस्थान को और बड़ी जगह की आवश्यकता पड़ेगी। उन्होंने कहा कि मैं राज्य शासन को यह सलाह दूंगा कि नवा रायपुर में एम्स की स्थापना के लिए भूमि आबंटित करें, ताकि बड़ी संख्या में जरूरतमंद मरीजों को चिकित्सा सुविधा मिल सकें।

राज्यपाल ने छत्तीसगढ़ में सुपर स्पेशलिटी कार्डियक फैसिलिटी की स्थापना पर बल दिया, ताकि हृदय रोगियों को अपने ही प्रदेश में बेहतर इलाज मिल सकें और उन्हें प्रदेश के बाहर न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज अथवा एम्स में सुपर स्पेशलिटी कार्डियक फैसीलिटी की स्थापना की जा सकती है।

श्री डेका ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि चिकित्सा सुविधाओं की बढ़ोतरी के कारण प्रदेश में मृत्यु दर में आशानुकूल कमी आई है। लेकिन अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है ताकि हम वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बना सकें।

इसके लिए प्रत्येक क्षेत्र में बेहतर परिणाम हासिल करने होंगे, चाहे वह चिकित्सा का क्षेत्र हो, इंजीनियरिंग का क्षेत्र हो या अंतरिक्ष विज्ञान। श्री डेका ने डॉक्टरों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि आप सभी ऐसे नोबेल प्रोफेशन में हैं जो सीधे लोगों की भलाई से जुड़ा हुआ है। आज भी समाज का एक बड़ा तबका डॉक्टरों को भगवान मानता है। देश के बाहर भी भारतीय डॉक्टरों का नाम सम्मान से लिया जाता है। इसकी सबसे बड़ी वजह हमारे सुप्रशिक्षित और समर्पित डॉक्टर हैं। हमारे भारतीय डॉक्टर हमेशा मरीजों के बेहतर इलाज को प्राथमिकता देते है जो उनकी सेवा भावना का परिचायक है। उन्होंने अपनी माता जी का संस्मरण साझा करते हुए कहा कि जब मेरी माता जी बीमार रहा करती थीं जब का मेरा अनुभव है कि डॉक्टरों को देखते ही उनकी आधी परेशानी खत्म हो जाती थी। यह डॉक्टरों पर आम लोगों के अटूट विश्वास को दर्शाता है।

श्री डेका ने इस अवसर पर भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह संस्थान चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में नये प्रतिमान स्थापित करता रहें और निरंतर मरीजों की सेवा में तत्परता से जुटा रहे ऐसी मेरी कामना है। इस अवसर पर एम्स के चिकित्सा अधिकारी बडी संख्या में उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मछुआ सहकारी समिति के सदस्यों को मिला आजीविका का सहारा

96 हेक्टेयर जलक्षेत्र में मछली पालन से कमा रहे 01 लाख 50 हजार रूपए



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** जिले के विकासखंड लोरमी के ग्राम महरपुर की स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मछुआ सहकारी समिति के सदस्यों को आजीविका का सहारा मिल गया है। समिति के सदस्यों द्वारा पट्टे पर प्राप्त भरत सागर जलाशय एवं गब्दा जलाशय में वैज्ञानिक पद्धति से मत्स्य पालन कर आर्थिक रूप से सशक्तकरण की दिशा में कदम बढ़ाया जा रहा है। समिति द्वारा करीब 96 हेक्टेयर जलक्षेत्र में फैले इन जलाशयों में भारतीय मेजरकार्प लोकल मछली प्रजातियों का संतुलित संवर्धन किया जा रहा है। समिति ने विभागीय मार्गदर्शन में 100 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर प्रतिदिवस मत्स्य बीज संचयन का लक्ष्य अपनाया, जिससे उत्पादन में निरंतर वृद्धि दर्ज की गई।

वर्तमान में समिति को मत्स्य पालन से प्रतिवर्ष लगभग 01 लाख 50 हजार रुपये से अधिक की आय प्राप्त हो रही है, जिससे सदस्यों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है। समिति के अध्यक्ष श्री दिनेश धीवर के नेतृत्व में 40 से अधिक सदस्य संगठित रूप से कार्य कर रहे हैं। मत्स्य विभाग द्वारा सदस्यों को समय-समय पर प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन एवं योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। जलाशयों में 50 प्रतिशत अनुदान पर मत्स्य बीज संचयन, नियमित निगरानी एवं गुणवत्तापूर्ण आहार प्रबंधन जैसे उपायों ने उत्पादन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

समिति द्वारा उत्पादित मछलियों की स्थानीय बाजार में अच्छी मांग है। प्रतिदिन औसतन 100 किलोग्राम मछली विक्रय कर समिति न केवल आर्थिक लाभ अर्जित कर रही है, बल्कि क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी सृजित कर रही है। इससे ग्रामीणों को गांव में ही आजीविका का स्थायी साधन उपलब्ध हुआ है।

# छत्तीसगढ़ अधिवक्ता कल्याण निधि न्यास समिति की बैठक सम्पन्न



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ अधिवक्ता कल्याण निधि न्यास समिति की बैठक यहां मंत्रालय महानदी भवन में विधि एवं विधायी तथा शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव की अध्यक्षता में तथा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक धरमलाल कौशिक की विशेष उपस्थित में सम्पन्न हुई।

बैठक में महाधिवक्ता विवेक शर्मा, प्रमुख सचिव विधि एवं विधायी विभाग सुषमा सावंत, अधिवक्ता शैलेन्द्र दुबे, वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील ओटवानी, छत्तीसगढ़ अधिवक्ता कल्याण निधि न्यास समिति के अन्य सदस्य सहित भारतीय स्टेट बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम, वित्त तथा अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

अधिवक्ताओं के हितों एवं कल्याण के लिए विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अधिवक्ताओं के लिए सामूहिक बीमा, पेंशन, नए अधिवक्ताओं के मानदेय, चिकित्सा बीमा, अधिवक्ताओं के कल्याण हेतु मृत्युदावा राशि का प्रावधान सहित छत्तीसगढ़ अधिवक्ता संरक्षण विधेयक के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

# छत्तीसगढ़ ज्ञान सभा विक्रम संवत 2082 में वन विभाग की सक्रिय भागीदारी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ज्ञान सभा विक्रम संवत 2082 कार्यक्रम में औषधि पादप बोर्ड ने घर में लगाएं औषधि उद्यान, निरोगी रहेगी का-स्वस्थ रहेगी संतान विषय पर आकर्षक प्रदर्शनी कक्ष लगाया। इस प्रदर्शनी कक्ष में ब्राह्मी, घृतकुमारी, सिंदूरी, पिप्पली, नींबू घास, मधुपर्णी (स्टीविया), चिरायता, अडूसा, कोलियस, बड़ा पाथरचट्टा तथा निर्गुंडी सहित अनेक औषधीय एवं सुगंधित पौधों का प्रदर्शन किया गया।

वन विभाग की यह पहल राज्य में औषधीय पौधों के संरक्षण, संवर्धन और जनजागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे नागरिकों को प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरणा मिल रही है।

छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अंतर्गत संचालित छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड द्वारा 28 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक भिलाई (जिला दुर्ग) में आयोजित छत्तीसगढ़ ज्ञान सभा विक्रम संवत 2082 कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी की गई। यह कार्यक्रम शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के जुनवानी परिसर में आयोजित हुआ। इसका संयुक्त आयोजन छत्तीसगढ़ प्राइवेट यूनिवर्सिटीज रेगुलेटरी कमीशन तथा शिक्षा संस्कृत संस्थान न्यास द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में आए स्कूली विद्यार्थियों, महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, आम नागरिकों तथा विशिष्ट अतिथियों ने औषधीय पौधों के दैनिक उपयोग और उनके स्वास्थ्य लाभ के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कई लोगों ने अपने घरों में औषधि उद्यान विकसित करने की इच्छा व्यक्त की। कार्यक्रम में सुरेश भैयाजी जोशी, डॉ. अतुल कोठारी (राष्ट्रीय सचिव, शिक्षा संस्कृत संस्थान न्यास), आई.पी. मिश्रा (संयोजक, छत्तीसगढ़ ज्ञान सभा एवं कुलपति), उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा, राजीव प्रकाश (निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई) सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पीएम जनमन योजना से जिले के दूरस्थ अंचलों में विकास और समृद्धि की नई दिशाः मंत्री लखनलाल देवांगन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने आज कोरबा जिले के विकास को नई गति देने के उद्देश्य से 21 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। ग्राम कनबेरी में श्री अग्रसेन गौसेवा समिति के पास आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने की।

मंत्री देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना से न केवल सड़क कनेक्टिविटी बढ़ी है, बल्कि दूरस्थ जनजातीय समुदायों के सामाजिक विकास, आर्थिक भागीदारी और जीवन स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार दर्ज हुआ है। यह पहल पीवीटीजी समुदायों के सशक्तिकरण की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि आज ग्राम में मुख्यमंत्री गौरव पथ का निर्माण कार्य प्रारंभ होने जा रहा है। इन सभी कार्यों से दूरस्थ क्षेत्र के आवागमन को अभूतपूर्व गति मिलेगी। सड़कों और पुल-पुलियों के निर्माण से वर्षा ऋतु में ग्रामीण अंचल का किसी भी प्रकार का संपर्क बाधित नहीं होगा। मंत्री देवांगन ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी वर्गों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रभावी योजनाएँ बनाते हैं, ताकि प्रत्येक हितग्राही तक अधिकतम लाभ पहुँच सके। यही कारण है कि आज प्रत्येक योजना का लाभ पात्र लोगों तक निर्बाध रूप से पहुँच रहा है। कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य सरकार समग्र और समान विकास की नीति पर कार्य कर रही है, जिसके परिणामस्वरूप प्रत्येक क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से अब कोई भी क्षेत्र विकास से वंचित नहीं रहेगा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री जनमन योजना और मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के अंतर्गत कुल 21.35 करोड़ रुपये की स्वीकृत राशि से आठ वृहद पुलों तथा सड़क निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी गई। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 20.92 करोड़ रुपये की लागत से कई महत्वपूर्ण पुलों का निर्माण शामिल है। ये पुल रामपुर विधानसभा के कोरबा विकासखण्ड के लेमरू-देवपहरी मार्ग, डोकरमना मेन रोड, बगबुड़ा रोड, बताती-बांसाखार मार्ग और पतरापाली-धानकछार मार्ग पर स्थित गौमुखी, चिंगराडांड, गड़गड़ा, कोटगसरा और पेंसारी नाला जैसे स्थलों पर निर्मित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त पाली-तानाखार विधानसभा के पोड़ी-उपरोड़ा विकासखण्ड में कटघोरा-अंबिकापुर मार्ग से बहरीझरिया मार्ग के कोठीझुंझा नाला पर 278.72 लाख रुपये की लागत से एक वृहद पुल के निर्माण की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के अंतर्गत कटघोरा विकासखण्ड में पंचराम घर से हीरालाल घर तक 500 मीटर लंबी सीसी सड़क और नाली निर्माण का कार्य किया जाएगा, जिसकी स्वीकृत राशि 42.95 लाख रुपये निर्धारित है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने पर जिले के वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन और अधिक सुगम होगा तथा विशेष रूप से वर्षा ऋतु में आने वाली संपर्क संबंधी समस्याओं का स्थायी समाधान होगा।

कार्यक्रम में कोरबा महापौर संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत सदस्य विनोद यादव, जनपद सदस्य अमृत लाल कंवर, सरपंच शत्रुघन सिंह, पार्षद नरेंद्र देवांगन, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, अग्रसेन गौसेवा समिति कोरबा के अध्यक्ष जयंत अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।







# मनीष मल्होत्रा का बोले चूड़ियां से प्रेरित नया आउटफिट

## न्यासा देवगन को बनाया अपनी मॉडल

मशहूर कॉस्ट्यूम डिजाइनर मनीष मल्होत्रा अपनी बेहतरीन कारीगरी और टाइमलेस डिजाइन को लेकर जाने जाते हैं। उनके बनाए कपड़े काफी समय तक लोगों के दिलों में खास जगह बनाए हुए हैं। हाल ही में मनीष ने एक नया आउटफिट तैयार किया है। मनीष का कहना है कि यह आउटफिट फिल्म कभी खुशी कभी गम के मशहूर गाने बोले चूड़ियां में करीना की ड्रेस से प्रेरित है। यह ड्रेस आज भी पॉपुलर है। मनीष ने इस नए वर्जन की ड्रेस के लिए मॉडल के तौर पर अजय देवगन और काजोल की लाडली न्यासा देवगन को रखा। उन्होंने यह ड्रेस न्यासा पर ट्राई की, जिसकी तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट की।

मनीष ने लिखा, साल 2001 में आई फिल्म कभी खुशी कभी गम का गाना बोले चूड़ियां भारतीय शादियों में संगीत की परंपरा शुरू करने वाला माना जाता है। इस गाने में पूरा परिवार सज-धजकर डांस करता है। करण जौहर की इस फिल्म में करीना के कपड़े 25 साल बाद भी पॉप कल्चर का हिस्सा हैं और लोग उन्हें याद करते हैं।

मनीष ने आगे बताया कि कई सालों से उनके यहां बोले चूड़ियां से प्रेरित आउटफिट बनते रहे हैं। इन ड्रेस को मॉडल अनीता कुमार से लेकर दुनिया भर के ग्राहकों ने पहना है। अब 2025-26 के नए वर्जन में न्यासा देवगन इस लुक में बेहद आकर्षक दिख रही हैं।

मनीष ने करियर को लेकर बताया, मैंने साल 1990 में कॉस्ट्यूम डिजाइनिंग से शुरुआत की थी। फिल्मों में कई नए स्टाइल शुरू किए, जो बाद में आम भारतीय फैशन का हिस्सा बन गए। अलग-अलग पीढ़ियों में इन डिजाइनों के नए रूप देखने को मिले हैं। इसी वजह से ये कॉस्ट्यूम हमेशा यादगार और टाइमलेस बने रहते हैं।

बता दें कि साल 2001 में रिलीज हुई फिल्म कभी खुशी कभी गम में करीना का स्टाइलिश और ग्लैमरस किरदार काफी आइकॉनिक था, जो आज भी सोशल मीडिया पर ट्रेंड करता रहता है। उनके किरदार के डांस, डायलॉग, बोल्ड और फैशन-फॉरवर्ड आउटफिट्स से आज की जेनजी भी रिलेट करती हैं।

# पति पत्नी और वो दो

## अब 15 मई को रिलीज हो रही सारा अली - आयुष्मान की फिल्म

अली खान-आयुष्मान खुराना की आगामी फिल्म पति पत्नी और वो दो अब होली के मौके पर रिलीज नहीं होगी। पति पत्नी और वो दो के मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने इसकी पुष्टि की है।

तरण आदर्श ने सोशल मीडिया के जरिए पति पत्नी और वो दो के बारे में अपडेट दिया। ट्रेड एनालिस्ट ने बताया कि फिल्म अपने पहली डेट पर रिलीज नहीं होगी। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा है, पति पत्नी और वो दो को नई रिलीज डेट मिल गई है। प्रजापति पांडे की दुनिया में आपका स्वागत है। आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत सिंह पति पत्नी और वो दो के लिए टीम में शामिल हुए हैं।

पति पत्नी और वो दो को नई रिलीज डेट मिल गई है। अब 15 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए शेड्यूल की गई है। प्रजापति पांडे की दुनिया में आपका स्वागत है। आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत सिंह पति पत्नी और वो दो के लिए टीम में शामिल हुए हैं।

हाल ही में, एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया था कि यह फिल्म 4 मार्च को रिलीज नहीं होगी क्योंकि इसका पोस्ट-प्रोडक्शन अभी पूरा नहीं हुआ है और एक गाना भी शूट होना बाकी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मेकर्स इस प्रोसेस में जल्दबाजी नहीं करना चाहते थे और यह पक्का करने के लिए समय और मेहनत देना चाहते थे कि फाइनल प्रोडक्ट दर्शकों के लिए मनोरंजक और आकर्षक हो।

यह फिल्म डायरेक्टर मुदस्सर अजीज की पहली किस्त के बाद इस फ्रैंचाइजी में वापसी है, जिसमें कार्तिक आर्यन, भूमि पेडनेकर और अनन्या पांडे थे. इस बार, कहानी में एक नई कास्ट और ज्यादा मजेदार कॉमेडी सिचुएशन के साथ एक नया ट्विस्ट होने का वादा किया गया है। यह फिल्म लव, ह्यूमर और कंफ्यूजन से भरी होगी। इसे भूषण कुमार और रेनू रवि चोपड़ा ने प्रोड्यूस किया है, जिसमें जूनो चोपड़ा क्रिएटिव प्रोड्यूसर हैं।




# उस्ताद भगत सिंह के खलनायक पार्थिबन का पहला लुक जारी




पावर स्टार पवन कल्याण की सबसे महत्वाकांक्षी फिल्म उस्ताद भगत सिंह से प्रशंसकों को काफी उम्मीदें हैं। निर्देशक हरीश शंकर द्वारा निर्देशित यह एक्शन एंटरटेनर 26 मार्च, 2026 को भव्य रिलीज के लिए तैयार है। फिलहाल, फिल्म का पोस्ट-प्रोडक्शन कार्य तेजी से चल रहा है। इस फिल्म में पवन कल्याण के साथ श्रीलीला और राशि खन्ना नायिकाओं की भूमिका निभा रही हैं। हाल ही में, फिल्म टीम ने इस फिल्म के खलनायक के किरदार का पहला लुक जारी किया, जो सोशल मीडिया पर खूब चर्चा का विषय बना। तमिल अभिनेता पार्थिबन इस फिल्म में खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे।

रिलीज़ हुए कैरेक्टर पोस्टर में पार्थिबन बेहद डरावने और दमदार अंदाज़ में नज़र आ रहे हैं और काफी प्रभावशाली हैं। फिल्म में उनके किरदार का नाम नल्ला नागप्पा है। पहले लुक से ही साफ है कि पार्थिबन का राजनीतिक नेता का किरदार कहानी में अहम भूमिका निभाने वाला है। खासकर, दर्शक यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि निर्देशक हरीश शंकर ने पवन कल्याण और पार्थिबन के बीच टकराव के दृश्यों को किस तरह फिल्माया है। रॉकस्टार देवी श्री प्रसाद इस बड़े बजट की फिल्म का संगीत दे रहे हैं, जिसका निर्माण मैत्री मूवी मेकर्स कर रहे हैं। रिलीज़ हो चुका पहला गाना अच्छा रिस्पॉन्स पा चुका है और मेकर्स जल्द ही दूसरा गाना रिलीज़ करने की योजना बना रहे हैं। निर्देशक दशरथ कहानी लेखन की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

इस फिल्म में आशुतोष राणा, गौतमी, नागा महेश, टेम्पर वामसी, केजीएफ फेम अविनाश और अन्य कलाकार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। विशाल कलाकारसमूह, दमदार एक्शन और राजनीतिक पृष्ठभूमि से सजी यह फिल्म 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। अब देखना यह है कि रिलीज से पहले खलनायक के फर्स्ट लुक से चर्चा में आई उस्ताद भगत सिंह बॉक्स ऑफिस पर क्या धमाल मचाएगी।



# मम्मी-पापा की 40वीं सालगिरह पर टूर गाइड बनीं श्रिया पिलगांवकर

## वियतनाम में मनाया जश्न

**मशहूर अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर हाल ही में अपने माता-पिता के साथ वियतनाम की सैर करके वापस लौटी हैं। उन्होंने बताया कि पेरेंट्स के साथ किसी ट्रिप पर जाना फिल्म बनाने से कम नहीं है। पिलगांवकर ने इंस्टाग्राम पर कुछ झलकियां शेयर कीं, जिसमें वे अपने माता-पिता के साथ खूब मजे करती नजर आ रही हैं।**

श्रेया ने लिखा, जब मम्मी-पिता ही बच्चों जैसे बन जाएं, तब परिवार के साथ छुट्टियां किसी फिल्म से कम नहीं लगतीं। थोड़ी भागदौड़ और हलचल तो होती है, लेकिन यही पल सबसे प्यारी यादें बन जाते हैं। माता-पिता को घुमाने ले जाना बहुत खास एहसास देता है। श्रिया ने आगे बताया, परिवार के साथ छुट्टियां प्लान करना आसान नहीं होता, इसलिए मौका मिले तो हम उसे कभी हल्के में नहीं लेते। हाल ही में मम्मी-पापा की शादी की 40वीं सालगिरह थी तो मैंने एक छोटा सा ट्रिप प्लान किया। इस दौरान मैं उनकी पूरी टूर गाइड बनी रही।

तस्वीरों में वियतनाम की खूबसूरत जगहों पर परिवार की मस्ती साफ दिख रही है। यह ट्रिप उनके लिए बेहद यादगार साबित हुई।

बता दें कि श्रिया पिलगांवकर 90 के दशक के अभिनेता सचिन पिलगांवकर और अभिनेत्री सुप्रिया पिलगांवकर की बेटी हैं। श्रेया ने भी अपने माता-पिता की तरह सिनेमा की दुनिया में अपने करियर को बनाने का फैसला लिया। बचपन से ही श्रेया फिल्मों में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट काम करती रहीं और छोटे किरदारों के जरिए अपने अभिनय को निखारा।

साल 2010 में श्रेया ने चल चलिए नाम की शॉर्ट फिल्म से अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने एक कुल्टी जैसी कुछ कहानियों के जरिए अपना नाम बनाने की कोशिश की है।

अभिनेत्री जल्द ही फिल्म हैवान में नजर आने वाली हैं। फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई है। इस बात की जानकारी उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए दी थी। इस फिल्म की शूटिंग के कुछ भाग ऊंटी में शूट किए गए थे। फिल्म में सैफ अली खान और अक्षय कुमार साथ में नजर आएंगे। दोनों लगभग 18 सालों के बाद स्क्रीन पर साथ नजर आएंगे, जिसे देखने के लिए प्रशंसक और भी ज्यादा उत्साहित हैं।

# नमक से जुड़े इन 5 भ्रमों को सच मानते हैं लोग, जानिए इनकी सच्चाई



नमक के बारे में कई भ्रम प्रचलित हैं, जो लोगों को भ्रमित करते हैं और सही निर्णय लेने से रोकते हैं। इन भ्रमों की जड़ें वैज्ञानिक तथ्यों से दूर होती हैं और ये हमारे खाने और सेहत पर गलत असर डाल सकते हैं। इन भ्रमों को दूर करना जरूरी है, ताकि लोग सही जानकारी के आधार पर अपने खाने में नमक का उपयोग कर सकें। आइए नमक से जुड़े 5 भ्रमों और उनकी सच्चाई के बारे में जानते हैं।

### भ्रम - नमक खाने से बढ़ता है ब्लड प्रेशर

यह सबसे आम भ्रम है कि नमक खाने से ब्लड प्रेशर बढ़ता है। हालांकि, यह पूरी तरह सच नहीं है। ज्यादा मात्रा में नमक का सेवन करने से ब्लड प्रेशर का खतरा बढ़ सकता है, लेकिन सामान्य मात्रा में नमक खाने से ऐसा कोई असर नहीं होता। इसके लिए संतुलित आहार और नियमित व्यायाम जरूरी हैं, ताकि ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहे। नमक का सेवन संतुलित मात्रा में करना चाहिए, ताकि इस परेशानी से बचा जा सके।

### भ्रम - समुद्री नमक सेहत के लिए होता है बेहतर

कई लोग मानते हैं कि समुद्री नमक सेहत के लिए बेहतर होता है, जबकि यह सिर्फ एक भ्रम है। दोनों प्रकार के नमक, चाहे वह समुद्री नमक हो या साधारण नमक, शरीर को जरूरी आयोडीन प्रदान करते हैं। आयोडीन की कमी से थायराइड जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए, आयोडीन युक्त नमक का सेवन करना जरूरी है। दोनों प्रकार के नमक में आयोडीन की मात्रा समान होती है और दोनों ही शरीर को जरूरी पोषण प्रदान करते हैं।

### भ्रम- नमक का सेवन बढ़ाता है मोटापा

एक और भ्रम यह है कि नमक का सेवन मोटापा बढ़ाता है। सच यह है कि मोटापा मुख्य रूप से असंतुलित आहार और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण होता है। अगर आप संतुलित आहार लेते हैं और नियमित व्यायाम करते हैं तो नमक का सेवन मोटापा नहीं बढ़ाएगा। इसलिए, इस भ्रम पर ध्यान न दें और अपने खाने में संतुलन बनाए रखें, ताकि आप स्वस्थ रह सकें और पतले रह सकें।

### भ्रम - डाइटिंग करने वालों को नहीं खाना चाहिए नमक

डाइटिंग करने वालों को यह डर रहता है कि कहीं उनका वजन न बढ़ जाए, इसलिए वे नमक नहीं खाते। हालांकि, संतुलित मात्रा में नमक खाना फायदेमंद होता है। इसकी मदद से शरीर को जरूरी मिनरल मिलते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। इसलिए, डाइटिंग करने वालों को बिल्कुल भी घबराने की जरूरत नहीं है और उन्हें अपने खाने में थोड़ी मात्रा में नमक शामिल करना ही चाहिए।

### भ्रम - नमक में नहीं होता कोई पोषण मूल्य

कुछ लोग मानते हैं कि नमक में कोई पोषण मूल्य नहीं होता, जबकि यह पूरी तरह गलत है। नमक में आयोडीन नामक मिनरल पाया जाता है, जो थायराइड ग्रंथि के लिए बहुत जरूरी होता है। आयोडीन की कमी से थायराइड ग्रंथि प्रभावित होती है, जिससे कई स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसलिए, नमक में मौजूद आयोडीन की अहमियत समझना जरूरी है, ताकि थायराइड जैसी समस्याओं से बचा जा सके।

## खास खबर

### अंगदान से मानवता को नई दिशा: प्रोजेक्ट दधीचि से जुड़कर पशु चिकित्सा कर्मी बने प्रेरणा स्रोत

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा संचालित प्रोजेक्ट दधीचि के तहत मानवता और जनसेवा की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए बैरन बाजार स्थित जिला वेटनरी हॉस्पिटल में पदस्थ पशु चिकित्सक डॉ. किरण चौधरी ने अंगदान का संकल्प लेकर समाज के समक्ष अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। जिले में संचालित प्रोजेक्ट दधीचि के अंतर्गत उन्होंने अंगदान के लिए पंजीयन कर जन जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने सम्मान पत्र प्रदान कर उनके इस पुनीत कार्य की सराहना की तथा कहा कि अंगदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है, जिससे कई लोगों को नया जीवन मिल सकता है। श्रीमती चौधरी ने अपने संकल्प के बारे में कहा कि मुझे बड़ी खुशी है कि मैं इस पुनीत कार्य का हिस्सा बनी, मेरे जाने के बाद किसी और को स्वस्थ जीवन मिल सकेगा। उन्होंने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री साय एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। जिला प्रशासन द्वारा संचालित प्रोजेक्ट दधीचि के तहत अब तक 90 से अधिक लोगों ने अंग एवं संपूर्ण शरीर दान का संकल्प लिया है, जिससे समाज में अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे भी इस पुनीत कार्य से जुड़कर अंगदान का संकल्प लें। अधिक जानकारी एवं पंजीयन हेतु 9406049000 संपर्क नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

### स्मृति पुस्तकालय योजना को मिल रहा जनसमर्थन, 8000 से अधिक पुस्तकें की गई दान

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार जिले में संचालित स्मृति पुस्तकालय योजना के तहत ज्ञान दान की दिशा में जनसहभागिता लगातार बढ़ रही है। इसी क्रम में पीएससी एकेडमी रायपुर के संचालक राकेश साव ने प्रचीन छत्तीसगढ़ का इतिहास, मध्यकालीन छत्तीसगढ़ का इतिहास, भारत का संविधान, सीजीपीएससी प्रैक्टिस पेपर से संबंधित 50 पुस्तकें जिला प्रशासन को दान की। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने उनके इस सराहनीय योगदान की प्रशंसा करते हुए प्रमाण पत्र एवं प्रेरक पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयास से जरूरतमंद एवं प्रतिभावान अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा। उल्लेखनीय है कि इस योजना के अंतर्गत अब तक 8000 से अधिक पुस्तकें एवं इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स दान की जा चुकी हैं। जिनका लाभ जिले के अनेक विद्यार्थियों को मिल रहा है। यह अभियान केवल पुस्तक दान तक सीमित नहीं, बल्कि युवाओं के सपनों को संवारने और उनके भविष्य निर्माण का संकल्प है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे भी इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें। पुस्तक अथवा इलेक्ट्रॉनिक गैजेट दान करने हेतु इच्छुक नागरिक फोन के माध्यम से प्रभात सक्सेना 94060 49000 एवं केदार पटेल 94255 02970 पर संपर्क कर सकते हैं।

# रायपुर रेल मंडल में होली त्योहारों के अवसर पर स्टेशनों में यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष तैयारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** दिनांक 1 मार्च 2026 से रंगो भरे होली त्यौहार के दौरान रायपुर रेल मंडल द्वारा यात्रियों को कई सुविधाएं दी जा रही है जैसे कि स्पेशल ट्रेन, कंफर्म बर्थ, होल्डिंग एरिया, भीड़ - भाड़ प्रबंधन, खान - पान सुविधा जैसे कई सुविधाये दी जा रही है। यात्रियों की सुगम यात्रा हेतु




स्टेशनों पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी के निर्देशन पर विशेष क्राउड मैनेजमेंट किया गया है। होलिडिंग एरिया / ठहराव की सुविधा रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की संख्या बढ़ती हैं तो उनके लिए होल्डिंग एरिया बनाये गये हैं। जिससे प्लेटफॉर्म पर अनावश्यक भीड़ का जमाव ना हो। 30 × 150 साइज़ का लगभग 4500 स्क्वायर फीट विशाल होल्डिंग एरिया 500 से अधिक यात्रियों के बैठने लिए बनाया गया है । होल्डिंग एरिया में यात्रियों के लिए निशुल्क पेयजल की व्यवस्था भी की गई है।

यात्रियों की संख्या के अनुरूप होल्डिंग एरिया का और विस्तार किया जा सकता है। जिसमें चेयर की व्यवस्था की गई है। यात्रियों की सुविधा के लिए, सीसीटीवी कैमरा, एयर कूलर एवं पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था होल्डिंग एरिया में खान-पान की व्यवस्था बहुत ही न्यूनतम दरों पर जनता खाना 15 में, इकोनामी मिल 20 में, एवं 14 में रेल नीर की व्यवस्था की गई है। यात्रियों की सुविधा के लिए टीटीई द्वारा लगातार यात्रियों को पर्याप्त जानकारी एवं काउंसलिंग किया जा रहा है। भीड़ को देखते हुए अन्य स्टेशनों पर भी क्राउड मैनेजमेंट होल्डिंग एरिया बनाने की तैयारी है।

पंडरिया विधायक भावना बोहरा के नेतृत्व में महिला मोर्चा पंडरिया ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन

# पंडरिया विधायक भावना बोहरा संग महिला मोर्चा ने उत्साह और उल्लास के साथ खेली होली

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा।** रंगों के पावन उत्सव होली के अवसर पर 2 मार्च को सामुदायिक भवन पंडरिया में आयोजित होली मिलन समारोह में भाजपा महिला मोर्चा की महिलाओं संग विधायक भावना बोहरा ने होली का उत्सव मनाया और सभी को होली पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं दी।



इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि आज भाजपा महिला मोर्चा की बहनों द्वारा इस आयोजन के लिए मैं उनका हार्दिक अभिनंदन करती हूँ। यह आयोजन सामूहिक एकता का प्रतीक है। आज महिलाएं अपने हुनर व कौशल से हर क्षेत्र में प्रतिनिधित्व कर रहीं हैं। पंडरिया विधानसभा में भी महिला नेतृत्व क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली के लिए हमने जो संकल्प किये हैं उन्हें मूर्तरूप देने के लिए अपनी सक्रिय सहभागिता निभा रहीं हैं। महिला सशक्तिकरण के लिए डबल इंजन भाजपा सरकार भी निरंतर प्रयास कर रही है। ड्रोन दीदी योजना हो या महतारी वंदन योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही हैं। महिला सुपोषण, सुरक्षा, शिक्षा, सशक्तिकरण और प्रोत्साहन के लिए योजनाओं के माध्यम से आज महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया जा रहा है। सेवा,सुशासन एवं गरीब कल्याण के लक्ष्य से भारतीय जनता पार्टी हर व्यक्ति एवं वर्ग के विकास, अधोसंरचना निर्माण एवं आमजनों के उत्थान के लिए अनवरत कार्य कर रही है। बेटियों की शिक्षा के लिए नि:शुल्क बस और लक्ष्य कोचिंग के माध्यम से उन्हें बेहतर शिक्षा देने का हम प्रयास कर रहें हैं ताकि बेटियां भी अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें। उन्होंने आगे कहा कि होली का यह पर्व स्नेह,सद्भावना, एकता एवं भाईचारे का प्रतीक है मैं समस्त पंडरिया विधानसभा के मेरे परिवारजनों को होली की अग्रिम शुभकामनाएं देती हूँ और आग्रह करती हूँ की अपनों के संग रंगों के इस पावन उत्सव को उमंग व उल्लास के साथ मनाएं। आज यहां उपस्थित सभी नारी शक्तियों को भी मैं बधाई देती हूँ कि जिस प्रकार आज महिलाएं गृहणी होने के साथ-साथ एक जनप्रतिनिधि के रूप में भी अपने दायित्वों को पूरा कर रहीं हैं और सामाजिक समरसता व क्षेत्र के विकास में अपनी बहुमूल्य भूमिका निभा रहीं हैं। आज पंडरिया विधानसभा में महिलाएं भी अपने सामर्थ्य व कौशल से विभिन्न क्षेत्रों में हमारे क्षेत्र का मान सम्मान बढ़ा रहीं हैं। भावना बोहरा ने आगे कहा कि होली का पर्व पूरे देश में धूमधाम एवं हर्सोल्लास के साथ मनाया जाता है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। यह सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, सद्भावना और सांस्कृतिक विरासत को संजोने का पर्व भी है। हमारे छत्तीसगढ़ में भी होली का पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। होलिका दहन के दिन पूरे विधि विधान के साथ भक्त प्रहलाद की भक्ति और उनकी आस्था को एक उत्सव के रूप में मनाया जाता है।

यह दिन हमें यह भी सिखलाता है कि चाहे बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो अंत में अच्छाई, सच्चाई और विश्वास की हमेशा जीत होती है। इसलिए हमें भी होलिका दहन के साथ अपने नकारात्मक विचारों, बुराइयों को उसकी अग्नि में दहन कर अच्छाई व सच्चाई के मार्ग पर चलने का अनुसरण करना चाहिए। होली मिलन समारोह में महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष विजय लक्ष्मी तिवारी , जिला महामंत्री नीतू शर्मा , गौरी देवी साहू जी, नगर पालिका पंडरिया अध्यक्ष मंजुला देवी कुर्रे जी, जनपद पंचायत अध्यक्ष नंदिनी साहू , जनपद अध्यक्ष लोहारा दुर्गा सिंह , नगर पंचायत पांडातराई अध्यक्ष सरिता सोनी , नगर पंचायत इंदौरी अध्यक्ष मित्रीन बाई मांडले जनपद सदस्य, जनप्रतिनिधि, महिला मोर्चा की पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## शिक्षार्थ ट्रस्ट के लर्निंग लैब कार्यक्रम अंतर्गत 73 विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत से हुए रूबरू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सुकमा।** जिला प्रशासन सुकमा एवं शिक्षार्थ ट्रस्ट के संयुक्त सहयोग से शिक्षार्थ ट्रस्ट के लर्निंग लैब कार्यक्रम अंतर्गत 28 फरवरी 2026 को एक विशेष शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला कलेक्टर अमित कुमार निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस पहल का मुख्य उद्देश्य दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों के विद्यार्थियों को कक्षा शिक्षण से आगे बढ़कर वास्तविक जीवन से जुड़े ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक स्थलों का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करना था। इस शैक्षणिक भ्रमण में कुल 73 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें कक्षा 4 के 35 एवं कक्षा 5 के 38 विद्यार्थी थे। इनके साथ 14 शिक्षक एवं सुविधादाता भी उपस्थित रहे। विशेष रूप से 42 विद्यार्थी विकासखंड कोंटा से शामिल हुए, जबकि अन्य विद्यार्थी सुकमा एवं छिंदगढ़ विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों से थे। इस भ्रमण में प्राथमिक विद्यालय मिसमा, मणिकोंटा, लेंड्रा, चिचोरगुड़ा (कोंटा), प्राथमिक विद्यालय बुड़दी एवं बोरगुड़ा (सुकमा),



तथा प्राथमिक विद्यालय लाठीपारा (छिंदगढ़) के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने माँ दंतेश्वरी मंदिर पहुंचकर क्षेत्र की आस्था एवं सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं को समझा। इस दौरान विद्यार्थियों को फागुन मड़ई जैसे पारंपरिक आयोजनों से जुड़े सांस्कृतिक संदर्भों की जानकारी भी दी गई, जिससे उन्हें स्थानीय जनजीवन एवं परंपराओं को निकट से समझने का अवसर मिला।

इसके पश्चात विद्यार्थियों ने बारसूर स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक मंदिरों का अवलोकन किया, जिनमें गणेश मंदिर, मामा-भाचा मंदिर तथा बत्तीसा मंदिर शामिल हैं। इन मंदिरों के माध्यम से विद्यार्थियों को क्षेत्र की समृद्ध ऐतिहासिक एवं स्थापत्य कला की जानकारी प्राप्त हुई।

## हीट वेव से निपटने जिला प्रशासन सतर्क, जिला अस्पताल में विशेष हीट स्ट्रोक रूम तैयार

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। शहर में संभावित हीट वेव की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने हीट स्ट्रोक ने निपटने की तैयारियां तेज कर दी हैं। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में ज़िला चिकित्सालय, पंडरी में विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि आपात स्थिति में मरीजों को तुरंत और प्रभावी उपचार मिल सके।

अस्पताल परिसर में विशेष रूप से हीट स्ट्रोक रूम स्थापित किया गया है, जहां अतिरिक्त बेड की व्यवस्था की गई है। मरीजों के शरीर का तापमान तेजी से कम करने के लिए दो विशेष बाथटब लगाए गए हैं, जिनमें ठंडे पानी और बर्फ की सहायता से इमर्शन कूलिंग की जा सकेगी। इसके साथ ही बर्फ की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आइस मेकिंग मशीन भी स्थापित की गई है, ताकि गंभीर स्थिति में मरीजों को तत्काल ठंडा उपचार दिया जा सके। चिकित्सा स्टाफ को भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए समय-समय पर पानी पीते रहें, ढीले और हल्के रंग के कपड़े पहनें तथा तेज और सीधी धूप से बचें। विशेष रूप से दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से परहेज करने की सलाह दी गई है। बंद कार में किसी व्यक्ति या जीव को न छोड़ें और नंगे पैर गर्म सतह पर चलने से बचें।

चिकित्सकों के अनुसार हीट स्ट्रोक के लक्षणों में त्वचा का गर्म, लाल और सूखा हो जाना, जी मचलना और उल्टी होना, शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच जाना, सांस का फूलना और तेज धड़कन, घबराहट, सिर चकराना तथा बेहोशी शामिल हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करना चाहिए। आपात स्थिति में कंट्रोल रूम नंबर 0771-3519250 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

# भखारा उपार्जन केंद्र में चना खरीदी की शुरुआत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**धमतरी।** प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान अंतर्गत प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत अधिसूचित रबी फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी का शुभारंभ आज भखारा उपार्जन केंद्र में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। कार्यक्रम में किसानों की उपस्थिति और उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच खरीदी प्रक्रिया प्रारंभ हुई।

शुभारंभ अवसर पर ग्राम इर्रा के कृषक हेमंत साहू (पिता कल्याण साहू) से 3.5 क्विंटल चना का उपार्जन किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन, पार्षदगण, समिति के प्राधिकृत अधिकारी गोविंद सिंह राजपूत, उपसंचालक कृषि मोनेस साहू, अनुभागीय कृषि अधिकारी मनोज सागर, कृषि विस्तार अधिकारी के.एस. ध्रुव, केशेंद्र



सोन सहित विभिन्न ग्रामों से आए किसान उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि रबी विपणन सीजन 2025-26 में किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में चना एवं सरसों की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा रही है। शासन द्वारा इस वर्ष चना के समर्थन मूल्य में 225 रुपये प्रति क्विंटल तथा सरसों में 300 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। वर्तमान में चना 5,875 रुपये प्रति क्विंटल तथा सरसों 6,200 रुपये प्रति क्विंटल की दर से क्रय की जा रही है।

इससे किसानों की आय में वृद्धि के साथ कृषि उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा। जिले के 11 उपार्जन केंद्रों में अब तक 4 हजार से अधिक किसानों ने पंजीयन करा लिया है तथा पंजीयन की प्रक्रिया सतत जारी है। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष विकासखंड धमतरी के सबलपुर, विकासखंड मगरलोड के बोरसी तथा विकासखंड नगरी की सलोनी सहकारी समिति सहित तीन नए उपार्जन केंद्र प्रारंभ किए गए हैं, जिससे अधिक से अधिक किसानों को निकटस्थ स्तर पर खरीदी सुविधा उपलब्ध हो सके। उपसंचालक कृषि साहू ने जिले के किसानों से अपील की है कि जो कृषक अभी तक चना एवं सरसों फसल का पंजीयन नहीं करा पाए हैं, वे शीघ्र ही अपने नजदीकी खरीदी केंद्र में भू-अधिकार पुस्तिका, आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर के साथ पंजीयन कराएं, ताकि समर्थन मूल्य योजना का लाभ समय पर प्राप्त हो सके। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले के सभी चना खरीदी केंद्रों में तौल व्यवस्था की पारदर्शिता, पर्याप्त बारदाना उपलब्धता, सुरक्षित भंडारण, पेयजल, छाया, बैठने की समुचित व्यवस्था तथा अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

# डिजिटल सेवाओं को ग्रामीणों तक पहुंचाने प्रशिक्षण संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** जिला पंचायत सभा कक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता चौबे की उपस्थिति में एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सीईओ ने सभी वी.एल.ई. को निर्देशित किया कि क्षेत्र के ग्राम पंचायत स्तर पर बैंकिंग सेवाएं अनिवार्य रूप से प्रदान करें।

इससे अधिक से अधिक हितग्राहियों को मनरेगा, महतारी वंदन योजना एवं पेंशन योजना आदि का भुगतान सीएससी केंद्रों के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से हितग्राहियों को भुगतान प्राप्त करने के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। नियमित रूप से बैंकिंग सेवाएं



संचालित करते हुए अधिकतम हितग्राहियों को लाभान्वित करें। बैठक का उद्देश्य सीएससी सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, विभागीय समन्वय को सुदृढ़ करने तथा ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल सेवाओं के विस्तार को सुनिश्चित करना था। राज्य कार्यालय से उपस्थित प्रशिक्षक प्रदीप कुमार, मैनेजर (बीमा सेवा) कहा कि वीएलई के पास वैध सी. एस. सी. आईडी है, वे ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाओं के आवेदन के समय भुगतान अनिवार्य रूप से सी . एस. सी. वॉलेट के माध्यम से ही करें। साथ ही दूरस्थ ग्राम पंचायतों में कार्यरत वीएलई को अपने-अपने पंचायत स्तर पर ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाएं प्रारंभ करने हेतु आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, ताकि ग्रामीणों को प्रमाण पत्र संबंधी कार्यों के लिए ब्लॉक कार्यालय न जाना पड़े। बैठक में नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफॉर्म के अंतर्गत मत्स्य व्यवसाय से जुड़े हितग्राहियों के पंजीयन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त एग्री-स्टैक परियोजना के तहत शेष किसानों के पंजीयन, खसरा जोड़ने की प्रक्रिया तथा क्लस्टर आधारित कैंप हेतु वीएलई का रोस्टर तैयार किया गया। महतारी वंदन योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में भी विभागीय अधिकारियों एवं वीएलई के मध्य समन्वय स्थापित किया गया। नकद जमा एवं निकासी जैसी बैंकिंग सुविधाएं ग्राम पंचायत स्तर पर उपलब्ध कराने का प्रशिक्षण दिया गया, जो विशेष रूप से दूरस्थ क्षेत्रों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। श्रम विभाग की सेवाओं जैसे श्रमिक पंजीयन, ई-श्रम पंजीयन तथा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत पंजीयन प्रक्रिया की जानकारी भी प्रदान की गई। सीएससी के माध्यम से पासपोर्ट एवं पैन कार्ड आवेदन, आईआरसीटीसी आईडी प्राप्त करने, ट्रेन एवं बस टिकट बुकिंग, मोटर, जीवन, पशु एवं फसल बीमा पंजीयन तथा प्रीमियम संग्रहण की प्रक्रिया का भी प्रशिक्षण दिया गया। बीमा सेवा प्रारंभ करने हेतु सीएससी पोर्टल सेयह बैठक ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल, वित्तीय एवं जनसेवा सेवाओं के सुदृढ़ क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगी। परीक्षा पंजीयन की जानकारी दी गई तथा बैंकिंग सेवाएं प्रारंभ करने के लिए वीएलई को प्राधिकरण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में नव नियुक्त सीएससी जिला प्रबंधक, दंतेवाड़ा, मिथलेश साहू भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि जिन वीएलई की आईडी बंद है।

## नगरी में युवाओं को मिला सशक्त मंचः कलेक्टर ने लाइब्रेरी एवं को-वर्किंग स्पेस का किया निरीक्षण

### युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं एवं स्वरोजगार के लिए दिया मार्गदर्शन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**धमतरी।** जिले के नगरी विकासखंड प्रवास के दौरान कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने युवाओं के शैक्षणिक एवं रोजगारोन्मुखी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नगरी में संचालित लाइब्रेरी एवं को-वर्किंग स्पेस का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं स्वरोजगार से जुड़े युवाओं से सीधे संवाद कर उनकी आवश्यकताओं, चुनौतियों एवं भविष्य की योजनाओं की जानकारी ली।

लाइब्रेरी निरीक्षण के दौरान कलेक्टर मिश्रा ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए कहा कि सफलता के लिए नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच और स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं को अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप परीक्षाओं का चयन कर सुनियोजित रणनीति के साथ तैयारी करने की सलाह दी। साथ ही समसामयिक विषयों, दैनिक समाचार पत्रों एवं संदर्भ पुस्तकों के नियमित अध्ययन पर विशेष बल दिया। दमेश्वर कुमार ने बताया कि वे व्यापम की परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं और लाइब्रेरी में उपलब्ध संसाधनों से उन्हें काफी लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि शांत, अनुशासित एवं प्रेरणादायक वातावरण के साथ पर्याप्त पुस्तकों, समाचार पत्रों और सुव्यवस्थित अध्ययन कक्ष की सुविधा से उनकी तैयारी अधिक प्रभावी हुई है। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले युवाओं को भी इस पहल से विशेष लाभ मिल रहा है। विद्यार्थियों ने इस सुविधा के लिए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके पश्चात कलेक्टर मिश्रा ने नगरी में संचालित को-वर्किंग स्पेस का अवलोकन किया। यहां विभिन्न डिजिटल एवं ऑनलाइन गतिविधियों से जुड़े युवाओं से चर्चा करते हुए उन्होंने नवाचार एवं स्वरोजगार के अवसरों को अपनाने हेतु प्रेरित किया। युवक नीलकंठ रात्रि ने बताया कि वे मेट्रो मनी नामक वेबसाइट का संचालन कर रहे हैं, जिससे उन्हें प्रतिमाह लगभग 40 हजार रुपये की आय प्राप्त हो रही है। कलेक्टर मिश्रा ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत ऋण स्वीकृति एवं विस्तार योजना में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।











## खास खबर

### भाई के हत्यारे को कोर्ट से मिली उम्रकैद की सजा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले के कुनकुरी सत्र न्यायालय ने पारिवारिक हिंसा के एक जघन्य मामले में कड़ा फैसला सुनाते हुए आरोपी वैद कुमार को आजीवन कारावास की सजा दी है। न्यायालय द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, कुनकुरी बलराम कुमार देवांगन ने आरोपी को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत दोषी ठहराते हुए उम्रकैद और एक हजार के अर्थदंड से दंडित किया। घटना 23 अप्रैल 2025 की शाम थाना तुमला क्षेत्र के ग्राम कुल्हारबुड़ा (मोहानटोली) में हुई थी। आरोपी वैद कुमार का अपनी पत्नी के साथ विवाद चल रहा था और वह मारपीट कर रहा था। घर में शोर सुनकर बड़ा भाई अभिमन्यु बीच-बचाव के लिए आगे आया और छोटे भाई को पत्नी पर हाथ उठाने से मना किया। इसी बात से आरोपी आपा खो बैठा और पास रखे डंडे से अभिमन्यु के सिर, माथे और आंखों पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। गंभीर चोट और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण अभिमन्यु की मौके पर ही मौत हो गई। दस महीनों में गवाहों और साक्ष्यों के परीक्षण के बाद न्यायालय ने फैसला सुनाया। फैसला सुनाते समय न्यायाधीश ने कहा कि अपने ही सगे भाई की हत्या करना अक्षम्य और गंभीर अपराध है।

### शराब दुकान के चखना सेंटर में मारपीट, तीन घायल



**कोरबा।** कोरबा में होली इवेंट के दौरान दो गुटों के बीच मारपीट की घटना सामने आई है। यह घटना दादर स्थित शराब दुकान के चखना सेंटर में हुई। मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। घटना मानिकपुरी पुलिस चौकी क्षेत्र की है। मानिकपुर इलाके के एक भवन में होली इवेंट आयोजित था। कार्यक्रम के दौरान दो गुटों के युवकों के बीच किसी बात को लेकर बहस शुरू हो गई। बहस के बाद एक गुट के युवक शराब पीने दादर स्थित शराब दुकान पहुंचे। यहां दूसरा गुट भी पहुंच गया। इसके बाद दोनों गुटों के बीच फिर से विवाद हुआ। विवाद बढ़ने पर जमकर मारपीट हुई। मारपीट के दौरान कुछ युवकों ने एक घायल के सिर पर शराब की खाली बोतल से हमला किया। इस घटना में तीन लोग घायल हुए हैं। मारपीट की घटना चखना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। किसी ने घटना का वीडियो भी बना लिया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मानिकपुर चौकी पुलिस वायरल वीडियो और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मारपीट करने वाले आरोपियों की तलाश कर रही है। सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के तहत हाल ही में 67 गिरफ्तारी वारंटी और 30 स्थायी वारंटी सहित कुल 97 वारंटियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई है।

# हैवानियत की हदें पार, नाबालिग से दुष्कर्म, वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। यहां के दल्ली राजहरा थाना क्षेत्र में न सिर्फ नाबालिग से दुष्कर्म किया बल्कि उसका वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देते हुए ब्लैकमेल भी किया। इस मामले में शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने तत्परता से काम किया और तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। तीनों को पुलिस ने जेल भेज दिया।**



पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए मुख्य आरोपी सहित तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार, घटना की शुरुआत तब हुई जब एक नाबालिग युवक पीड़िता को 'डैम' घुमाने के बहाने बहला-फुसलाकर एक सुनसान स्थान पर ले गया। वहां आरोपी ने पीड़िता के साथ जबरदस्ती की। इसी दौरान वहां मौजूद अन्य लोगों ने न सिर्फ इस कृत्य का वीडियो बनाया, बल्कि वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पीड़िता को ब्लैकमेल किया। उन्होंने पीड़िता के साथ सामूहिक दुष्कर्म भी किया।

घटना के बाद पीड़िता ने घर पहुंचकर परिजनों को अपनी आपबीती सुनाई। परिजनों ने बिना समय गंवाए दल्ली राजहरा थाने में शिकायत दर्ज कराई। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक विकास पाटले के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को धर दबोचा।

नगर पुलिस अधीक्षक विकास पाटले ने बताया कि शिकायत मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और सामूहिक दुष्कर्म की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। घटना में प्रयुक्त मोबाइल और अन्य साक्ष्य पुलिस ने जब्त कर लिए हैं। हमारा प्रयास है कि पीड़िता को जल्द से जल्द न्याय मिले, पुलिस अधीक्षक ने यह भी कहा।

मुख्य आरोपी नाबालिग युवक पीड़िता को बहला-फुसलाकर सुनसान स्थान पर ले गया था। वहां उसने पीड़िता के साथ जबरदस्ती की और अन्य आरोपियों ने वीडियो बनाया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उन्होंने पीड़िता को ब्लैकमेल किया। इसके बाद सभी आरोपियों ने मिलकर सामूहिक दुष्कर्म को अंजाम दिया। पीड़िता के परिजनों की शिकायत के बाद ही आरोपी गिरफ्तार हुए।

## 25 किलो गांजा के साथ दो युवक दुर्ग रेलवे स्टेशन से हुए गिरफ्तार




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** गांजा तस्करी करने वालों लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा दुर्ग रेलवे स्टेशन में 25 किलो 435 ग्राम गांजा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों ओड़िशा से गांजा लेकर कटनी बेचने जा रहे थे। इस बीच दुर्ग रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ के हत्थे चढ़े। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस की धारा के तहत कार्रवाई की गई।

ऑपरेशन नरकोश के तहत मुखबीर की सूचना पर दुर्ग रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं 2-3 में गांजा के साथ युवकों को पकड़ा गया है। आरोपी ओड़िशा से दुर्ग पहुंच कटनी रेलवे स्टेशन जाने के लिए ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। तभी युवकों को चार बैग गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए गांजा की कीमत 12,71,750 रुपए है। दोनों आरोपी ओड़िशा से ट्रेन में सवार होकर दुर्ग पहुंचे थे। यहां से कटनी के लिए ट्रेन का इंतजार कर रहे थे तभी आरपीएफ ने इन्हें दबोच लिया। बरामद गांजा को ओडिशा से खरीदकर कटनी बेचने के लिए जा रहे थे। उनके द्वारा एनडीपीएस (NDPS Act) 1985 की धारा 20 (बी) के अधीन मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## बॉयफ्रेंड के घर पर गर्लफ्रेंड ने लगाई फांसी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में शादी से इनकार करने पर गर्लफ्रेंड ने बॉयफ्रेंड के घर पर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दरअसल युवती अपने बॉयफ्रेंड के घर रहने आई थी। दोनों ने शारिरीक सम्बंधन बनाए लेकिन इसके बाद आरोपी युवक उसे छोड़कर भाग गया। मानसिक दवाब में आकर युवती ने सुसाइड कर लिया।

दरअसल, मल्हार क्षेत्र की युवती का ग्राम धनगवा निवासी राजू लहरिया (33) के साथ लव अफेयर था। दोनों अक्सर एक दूसरे से मिलते थे। युवती बार-बार शादी का दबाव बना रही थी, लेकिन उसका प्रेमी राजू टालमटोल करता रहा। 24 फरवरी को युवती राजू के घर पहुंच गई। इस दौरान राजू ने अपने घर पर ही उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया।

इसके बाद जैसे ही युवती ने शादी की बात कही तो प्रेमी ने मना कर दिया। इससे नाराज युवती उसके घर में रहने लगी। इस बात से नाराज प्रेमी राजू घर छोड़ कर भाग गया। फोन करने पर प्रेमी फोन भी उठाना बंद कर दिया। जिसके बाद युवती परेशान होकर मानसिक दबाव में आ गई।

26 फरवरी की रात लड़की ने राजू के माता-पिता के साथ खाना खाया और अपने कमरे में सोने चली गई। रात में उसने कमरे के रोशनदान के एंगल से स्कार्फ बांधकर फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह माता-पिता सोकर उठे तो युवती ने दरवाजा नहीं खोला। खिड़की से झांकने पर उन्हें युवती की लाश रोशनदान से फंदे पर लटकते दिखी। इस दौरान राजू के माता-पिता ने घटना की जानकारी आसपास के लोगों के साथ ही पुलिस को दी। मामले में पुलिस ने प्रेमी के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने और दुष्कर्म की धाराओं के तहत जुर्म दर्ज किया है। उनकी मौजूदगी में शव को पंचनामा के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। जिसके बाद परिजन थाने पहुंच गए। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ चौकी में पहुंचकर हत्या का केस दर्ज करने की मांग की। आरोपी राजू घर छोड़कर बिलासपुर के सरकंडा में छिपा था। जहां 1 मार्च को दबिश देकर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया और न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## नौकरी लगाने के नाम पर 10 लाख की ठगी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** सहायक ग्रेड-3 एवं एनटीपीसी में एई पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर 10 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले पति-पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने एनटीपीसी के एई पद का फर्जी नियुक्ति पत्र ई-मेल के माध्यम से भेजा था। इस मामले में शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने धारा 420, 467, 468, 120(बी) भादवि के तहत मामला दर्ज किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

इस मामले में रविकांत साहू, निवासी बोरीगारका थाना उतई जिला दुर्ग द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि पद्मनाभपुर निवासी प्रिया देशमुख व प्रशांत देशमुख ने मंत्रालय में सहायक ग्रेड-3 पद पर नौकरी लगाने का झांसा दिया। उक्त प्रयास सफल न होने पर प्रार्थी को एनटीपीसी में एई पद पर नियुक्ति कराने का आश्वासन दिया गया। आरोपियों द्वारा किस्तों में कुल 10,00,000 रुपए प्राप्त कर फर्जी नियुक्ति पत्र ई-मेल के माध्यम से भेजा।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना पदमनाभपुर में अपराध क्रमांक 143/2026 धारा 420, 467, 468, 120(बी) भादवि के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी प्रिया देशमुख, उम्र 36 वर्ष, निवासी न्यू आदर्श नगर थाना पदमनाभपुर को विधिवत गिरफ्तार किया गया। प्रकरण के सह-आरोपी प्रशांत कुमार देशमुख, उम्र 49 वर्ष, निवासी न्यू आदर्श नगर दुर्ग को दिनांक 01.03.2026 को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना पदमनाभपुर के निरीक्षक, उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक एवं साइबर सेल टीम की सक्रिय एवं तकनीकी सहयोगपूर्ण भूमिका रही, जिनके द्वारा त्वरित विवेचना कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि किसी भी शासकीय व अर्धशासकीय संस्था में नौकरी दिलाने के नाम पर धनराशि की मांग करने वाले व्यक्तियों से सतर्क रहें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। इस प्रकार के अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## कोरबा में 16 वर्षीय छात्रा ने लगाई फांसी

### कमरे से सुसाइड नोट बरामद, जांच में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कोरबा के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में एक 16 वर्षीय छात्रा ने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतिका की पहचान सांची कंवर के रूप में हुई है, जो सेंट जेवियर स्कूल में 11वीं कक्षा की छात्रा थी। पुलिस ने घटनास्थल से एक सुसाइड नोट बरामद किया है।

घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में पुलिस को छात्रा के कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है।



हालांकि, सुसाइड नोट में क्या लिखा है, इसका खुलासा अभी तक नहीं किया गया है। पुलिस पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

बताया जा रहा है कि सांची कंवर मोगरा थाना में पदस्थ आरक्षक रजपाल सिंह कंवर की भांजी थी। वह अपनी मां के साथ मामा के घर पुलिस लाइन इलाके में रहती थी। मृतिका मूल रूप से अमरपुर कटघोरा की निवासी थी। घटना के बाद परिवार सदमे में है। पुलिस ने मृतिका के पास से उसका मोबाइल फोन भी बरामद किया है। बताया गया है कि जब छात्रा ने आत्महत्या की, उस समय उसके कान में हेडफोन लगा हुआ था। पुलिस इन सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

कोरबा सीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी ने बताया कि सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने आगे की कार्रवाई करते हुए परिजनों के बयान दर्ज किए हैं और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## सीएसईबी-कर्मी के बेटे की झाड़ियों में मिली लाश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कोरबा के दर्री थाना क्षेत्र में सोमवार को एक सड़क हादसे में 28 वर्षीय युवक मुकेश कंवर की मौत हो गई। वह दर्री सीएसईबी कॉलोनी का निवासी था और उसके पिता जगदीश कंवर सीएसईबी कर्मचारी हैं। यह घटना सीएसईबी मिनी हाइडल पावर प्लांट के पास हुई।

जानकारी के अनुसार, मुकेश अपनी ओला स्कूटी पर सवार होकर दर्री कॉलोनी से कोरबा की ओर जा रहा था। सड़क किनारे झाड़ियों में उसकी स्कूटी गिरी हुई मिली, जबकि युवक का शव कुछ दूरी पर झाड़ियों में पड़ा मिला। राहगीरों ने उसे तत्काल बाहर



निकाला और उपचार के लिए एनटीपीसी अस्पताल पहुंचाया।

### सड़क हादसे में मौत की आशंका

एनटीपीसी अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद मुकेश को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, प्रथम दृष्ट्या यह मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत होता है, जिसमें किसी भारी वाहन की चपेट में आने से उसे गंभीर चोटें आईं और उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही दर्री थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा कार्रवाई शुरू की। शव को एनटीपीसी अस्पताल की मर्च्युरी में सुरक्षित रखा गया था, जिसे बाद में पोस्टमार्टम के लिए कटघोरा अस्पताल भेजा गया।

मृतक मुकेश कंवर दर्री स्थित एक निजी पावर प्लांट कंपनी में कार्यरत था। उसकी शादी नहीं हुई थी। दर्री थाना प्रभारी आशीष सिंह ने बताया कि दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसकी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दीवार ढहने से मासूम की मौत : उद्योग मंत्री परिजनों से मिले, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कोरबा में दीवार ढहने से मासूम की मौत के मामले में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने रविवार देर शाम परिवार से मुलाकात की। उन्होंने संजय नगर स्थित लक्ष्मणबन बस्ती पहुंचकर पीड़ित परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

यह घटना दो दिन पहले हुई थी, जब बस्ती में एक बाउंड्रीवाल ढह गई। इस हादसे में 4 वर्षीय धनेश कर्ष की दबकर मौत हो गई थी। वहीं, सोनू कर्ष (20) और विशाल यादव (18) गंभीर रूप से घायल हो गए।

बताया जा रहा है कि निर्माणधीन मकान पर जेएसईबी मशीन से काम चल रहा था, तभी अचानक बाउंड्रीवाल गिर गई। इस हादसे में एक ऑटो और एक बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गए।



### स्थानीय लोगों ने किया था थाने का घेराव

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली थाने का घेराव किया था। उन्होंने मुख्य मार्ग पर चक्का जाम भी कर दिया था, जिसे उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद समाप्त किया गया।

मंत्री देवांगन ने घटनास्थल का दौरा कर परिजनों और स्थानीय लोगों से घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने पीड़ित परिवार के सदस्यों से मिलकर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

### दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश

मंत्री लखन लाल देवांगन ने प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों से फोन पर बात की। उन्होंने घटना की सूक्ष्मता से जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इस दौरान महापौर संजू देवी राजपूत, भोलू यादव, पार्षद नरेंद्र देवांगन, मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा और राकेश नागरमल अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कोतवाली थाना पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है और आगे की जांच कार्रवाई में जुटी हुई है।

## आरोपी ने नाबालिग और मां को दी धमकी, गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कोरबा में एक नाबालिग लड़की को युवक ने चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने नाबालिग की मां को भी डराया। यह घटना मानिकपुर चौकी क्षेत्र में हुई। जांजगीर जिले के 23 वर्षीय समीर यादव ने नाबालिग के घर पहुंचकर उसे धमकाया। उसने कहा, तुम मेरी हो और तुम्हें किसी और का होने नहीं दूंगा। अगर तुम्हारी शादी किसी और से हुई तो तुम्हें और तुम्हारे पति को जान से मार दूंगा।

### नाबालिग और मां ने पुलिस चौकी में की शिकायत

घटना के बाद नाबालिग और उसकी मां ने हिम्मत जुटाकर मानिकपुर चौकी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। चौकी प्रभारी



परमेश्वर राठौर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई की। आरोपी समीर यादव को उसके मोबाइल नंबर के आधार पर कोरबा से ही गिरफ्तार कर लिया गया।

### नाबालिग से एकतरफा प्यार करता था आरोपी

पुलिस के अनुसार, आरोपी समीर यादव और नाबालिग दोनों जांजगीर जिले के एक ही गांव के निवासी हैं। कुछ साल पहले नाबालिग अपने परिवार के साथ कोरबा आकर रहने लगी थी। समीर पहले भी उसके घर आता-जाता था और मोबाइल पर भी बात करता था। वह नाबालिग से एकतरफा प्यार करता था, जबकि नाबालिग ने उसके प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था।

यह भी बताया गया है कि लगभग छह महीने पहले भी समीर कोरबा में नाबालिग के घर आया था और उसके साथ मारपीट की थी। उस समय भी मानिकपुर चौकी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी और पुलिस ने कार्रवाई की थी।

मानिकपुर चौकी प्रभारी परमेश्वर राठौर ने पुष्टि की कि शिकायत मिलने के बाद जांजगीर निवासी समीर यादव के खिलाफ कार्रवाई की गई है। उसे न्यायिक रिमांड पर भेजकर जेल दाखिल कर दिया गया है।

## कार में लगी आग, बुझाने में हुई देरी

**भिलाई।** आरोग्यम अस्पताल कादंबरी नगर की पार्किंग में खड़ी कार में सोमवार को आग लग गई। कार से धुंआ उठते देख पार्किंग गार्ड अपनी केबिन में रखा अग्निशामक यंत्र लेकर आग बुझाने पहुंचा, लेकिन यंत्र काम नहीं किया। जब तक दौड़कर अस्पताल के अंदर से दूसरा अग्निशामक यंत्र लेकर वह पहुंचता आग भड़क गई। देखते ही देखते बगल में खड़ी दूसरी कार सीजी 07 एमबी 1952 को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया। हो हल्ला शुरू हुआ तो अंदर अपनी जांच कर रहा रहे कार सीजी 04 एनसी 4369 के मालिक अस्पताल से बाहर आए।

बूरी तरह जल रही कार पर नजर पड़ते ही भड़क गए। अस्पताल प्रबंधन द्वारा पार्किंग में उपलब्ध कराए या अग्निशामक यंत्र फेल होना उनको नागवार लगा।









### खास खबर



## राज्यपाल रमेन डेका बने रेडक्रॉस के संरक्षक

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने आज रेडक्रॉस सोसायटी के संरक्षक के रूप में सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने संरक्षक सदस्य के रूप में कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह को 25 हज़ार रुपये का चेक प्रदान किया। इस दौरान राज्यपाल ने रेडक्रॉस की वर्तमान गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश चौधरी भी मौजूद रहे।

## 35 एमटी के साथ एसईसीएल दीपका ने रचा नया कीर्तिमान

**कोरबा।** एसईसीएल की दीपका कोयला परियोजना ने उत्पादन और गुणवत्ता दोनों क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 28 फरवरी 2026 तक परियोजना ने 35.07 मिलियन टन कोयला उत्पादन दर्ज किया, जो वर्ष 2018-19 के सर्वश्रेष्ठ वार्षिक उत्पादन के रिकॉर्ड से भी अधिक है। इस उपलब्धि के साथ दीपका परियोजना ने अपने पिछले सभी उत्पादन रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिए हैं।

## तापमान बढ़ने के साथ ही बढ़ने लगे अग्निकांड

**रायपुर।** राजधानी में तापमान बढ़ने के साथ ही अब आगजनी की घटनाएं बढ़ती जा रही है। शासकीय बहुउद्देशीय शाला की चार दिवारी के पास कचरे में आग लग गई। फायरब्रिगेड ने आग बुझाई। मौसम विभाग के अनुसार इस समय एक पश्चिम विक्षोप सहित अन्य कारणों से मौसम का मिजाज बदलने का आसार है। होली के अवसर पर रंग-गुलाल के साथ वर्षा की फौहारे हो सकती है। राजधानी में भी अब गर्मी के साथ ही विद्युत उपकरणों ट्रांसफार्मर में भी आग लगने की घटनाएं बढ़ती जा रही है।

# होली त्योहार पर अम्बेडकर अस्पताल में 24 घंटे जारी रहेगी इमरजेंसी सेवा, स्टाफ के लिए निर्देश जारी

श्रीकंचनपथ समाचार

**रायपुर।** होली त्योहार के मद्देनजर अम्बेडकर अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ तथा पैरामेडिकल स्टाफ सहित सभी विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

होली के दौरान पुलिस प्रशासन की तमाम कोशिशों के बावजूद संभावित दुर्घटनाओं एवं आपात स्थितियों को ध्यान में रखते हुए अधीक्षक डॉ. सोनकर द्वारा आपातकालीन सेवाओं के निर्बाध संचालन के विशेष निर्देश दिए गए हैं।

होली त्योहार के दिन 4 मार्च को शासकीय अवकाश होने के कारण अस्पताल में बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) का संचालन नहीं होगा। हालांकि, इमरजेंसी सेवा पूर्व की भांति 24 घंटे निरंतर जारी रहेगी। आपात चिकित्सा विभाग में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी वार्डों में जीवन




रक्षक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा समस्त मेडिकल स्टाफ को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए गए हैं।

त्योहार को देखते हुए अस्पताल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया गया है।आवश्यकतानुसार मरीजों को डीकेएस अस्पताल स्थित सुपर स्पेश्यलिटी विभाग में रेफर किए जाने के लिए अम्बेडकर अस्पताल से डीकेएस अस्पताल तक एम्बुलेंस परिवहन सेवा उपलब्ध रहेगी।

अस्पताल प्रबंधन ने सभी लोगों से सुरक्षित एवं सावधानीपूर्वक होली मनाने की अपील की है तथा किसी भी प्रकार की मेडिकल इमरजेंसी की

**होली पर खतरनाक रंगों का उपयोग और नशीले पदार्थों का उपयोग नहीं करने की अपील भी की जारी**

स्थिति में अम्बेडकर अस्पताल के इमरजेंसी विभाग में आकर उपचार प्राप्त करने को कहा है।

# होली खुशियों और जुड़ाव का पर्व, किसानों की समृद्धि से बढ़ा उत्साह :साय




श्रीकंचनपथ समाचार

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज धरसींवा विधानसभा क्षेत्र में विधायक अनुज शर्मा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल हुए और क्षेत्रवासियों के साथ होली की खुशियाँ साझा कीं। मुख्यमंत्री ने आयोजन में आमंत्रित किए जाने पर विधायक श्री अनुज शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए सभी उपस्थितजनों को होली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने का पर्व है। यह हमें मन-मुटाव भुलाकर एक-दूसरे के साथ मिलकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि होलिका बुराई का प्रतीक है, जिसका दहन कर हमें जीवन में अच्छाई, सकारात्मकता और खुशहाली को अपनाना है तथा सबके सहयोग से छत्तीसगढ़ को विकास के पथ पर आगे बढ़ाना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष 4 मार्च को होली का पर्व है और इसका उत्साह अभी से दिखाई देने लगा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत किसानों के खातों में राशि अंतरित की गई है, जिससे किसानों में विशेष उत्साह है और इस बार प्रदेश में होली का पर्व और अधिक उल्लासपूर्ण माहौल में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि होली सामाजिक और पारिवारिक जुड़ाव का अवसर भी है, जो समाज में आत्मीयता और विश्वास को मजबूत करता है।

विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा किसानों के खातों में सहायता राशि अंतरित किए जाने से किसानों में खुशी का माहौल है और वे इस वर्ष होली का त्योहार अधिक आनंद और उत्साह के साथ मना रहे हैं। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक फाग गीत प्रस्तुत कर वातावरण को उत्सवमय बना दिया, जिससे पूरा परिसर होली के रंग में सराबोर हो गया। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेन सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित थे।

## होली सद्भाव, अपनत्व और गिले-शिकवे भुलाने का पर्व

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज रायपुर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह रंगोत्सव एवं महामूर्ख सम्मेलन 2026 में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को सुदृढ़ करने का पावन अवसर भी है। यह पर्व हमें छोटी-छोटी अनबन और गिले-शिकवे भुलाकर नए सिरे से संबंधों को मजबूत करने की प्रेरणा देता है।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि रायपुर प्रेस क्लब में पर्वों को मिल-जुलकर मनाने की एक गौरवशाली परंपरा रही है। रायपुर प्रेस क्लब वर्षों से होली मिलन और सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने का कार्य कर रहा है, यह परंपरा आगे भी निरंतर जारी रहनी चाहिए। उन्होंने प्रेस क्लब परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कामना की कि यह उल्लासपूर्ण पर्व सभी के जीवन में नई ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मकता लेकर आए।

इस दौरान रायपुर प्रेस क्लब के सदस्यों ने मुख्यमंत्री श्री साय का अनूठे अंदाज में मिर्ची की माला पहनाकर तथा त्रिशूलनुमा पिचकारी भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने प्रेस क्लब के होली विशेषांक 'नानसेंस टाइम्स' का विमोचन भी किया।

होली मिलन समारोह में उमंग का तब अनोखा वातावरण देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वयं नगाड़ा बजाकर उत्सव का जोश दोगुना कर दिया। मुख्यमंत्री के नगाड़ा बजाते ही समारोह में उपस्थित पत्रकारों और अतिथियों ने तालियों से उत्साह व्यक्त किया और पूरे परिसर में आनंद की लहर दौड़ गई। पारंपरिक ढोल-नगाड़ों की धुन पर मुख्यमंत्री भी पत्रकार साथियों के साथ फाग गीतों और होली के उल्लास में सहभागी बने। कार्यक्रम में संगीत, संस्कृति और आपसी भाईचारे का सुंदर संगम देखने को मिला।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा, मुख्यमंत्री के सलाहकार आर कृष्णा दास, राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय, विधायक सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, रायपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष मोहन तिवारी सहित अन्य पत्रकार, जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# पान की विलुप्त होती खेती को नया जीवन, छुईखदान में पान अनुसंधान केन्द्र की स्थापना

श्रीकंचनपथ समाचार

**रायपुर।** खैरागढ़ छुईखदान, गंडई जिले के विकासखण्ड छुईखदान में पूर्व में पान की खेती व्यापक रूप से की जाती थी, किन्तु तकनीकी मार्गदर्शन के अभाव एवं आवश्यक प्लांटिंग मटेरियल की उपलब्धता न होने के कारण यह परंपरागत खेती धीरे-धीरे विलुप्त होने की कगार पर पहुंच गई थी।

पान की इस पारंपरिक फसल को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा वर्ष 2023-24 में विकासखण्ड छुईखदान में पान अनुसंधान केन्द्र स्थापित करने की घोषणा की गई। यह केन्द्र रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय छुईखदान में स्थापित किया गया है।



पान उत्पादक कृषकों को प्रोत्साहित करने के लिए शेडनेट हाउस अधोसंरचना निर्माण हेतु 50 प्रतिशत विभागीय अनुदान प्रदान किया जा रहा है। वर्तमान में 7 कृषकों द्वारा प्रति कृषक 500 वर्गमीटर क्षेत्रफल में शेडनेट हाउस का निर्माण कराया गया है, जिसके लिए प्रति कृषक 1.77 लाख रुपये का अनुदान उद्यानिकी विभाग द्वारा प्रदान किया गया है। इनमें से 6 कृषक वर्तमान में पान की खेती कर रहे हैं। इस पहल से पान उत्पादक कृषक प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों में भी अनुकूल वातावरण में पान की खेती कर बेहतर आय अर्जित कर सकेंगे।

आवश्यक प्लांटिंग मटेरियल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कृषि महाविद्यालय के सहयोग से जिले में स्थापित शासकीय उद्यान रोपणी कुकुरमुड़ा एवं बीरूटोला में भी पान की खेती का प्रदर्शन प्लॉट तैयार किया जा रहा है।

जिला प्रशासन द्वारा इस विशेष पहल की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत द्वारा समय-समय पर स्थल निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। साथ ही, रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय छुईखदान के विषयवस्तु विशेषज्ञों द्वारा कृषकों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है, जिससे जिले में पान की खेती को पुनः स्थापित कर किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके।

# धोन्धा प्रतापपुर में कृषि महाविद्यालय की रखी नींव

श्रीकंचनपथ समाचार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने आज धोन्धा प्रतापपुर में बहुप्रतीक्षित कृषि महाविद्यालय का विधिवत भूमि पूजन संपन्न किया। उनके द्वारा आज 889.53 लाख राशि से निर्मित होने वाले कृषि महाविद्यालय भवन प्रतापपुर (धोन्धा) व 602.10 लाख से निर्मित होने वाले बालक एवं कन्या छात्रावास भवन प्रतापपुर (धोन्धा) का भूमि पूजन किया गया।



इस अवसर पर प्रतापपुर विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणी देवपाल सिंह पैंकरा, जिला पंचायत सदस्य लवकेश पैंकरा, क्षेत्र के किसान, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

भूमि पूजन के पश्चात उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री श्री नेताम ने कहा कि यह दिन धोंधा प्रतापपुर और संपूर्ण क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा कि इस पावन भूमि पर कृषि महाविद्यालय की स्थापना से किसान बंधुओं की आने वाली पीढ़ियों के लिए उच्च कृषि शिक्षा के नए द्वार खुलेंगे।

मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को सशक्त बनाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। इस महाविद्यालय के माध्यम से क्षेत्र के युवाओं को आधुनिक कृषि तकनीक, उन्नत खेती के तरीके और कृषि विज्ञान की उच्चस्तरीय शिक्षा अब उनके अपने गृह जिले में ही उपलब्ध होगी। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि महाविद्यालय का निर्माण कार्य शीघ्र एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराया जाएगा।

इस अवसर पर प्रतापपुर विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने अपने उद्बोधन में कहा कि कृषि महाविद्यालय की स्थापना उनके क्षेत्र के लिए एक स्वप्न के साकार होने जैसा है।

उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय के लिए प्रयास आज सफल हुआ है जिसमें कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने ग्रामवासियों एवं किसान बंधुओं से कहा कि अब उनके बच्चों को उच्च कृषि शिक्षा के लिए दूर-दराज के बड़े शहरों में नहीं भटकना पड़ेगा। विधायक श्रीमती पोर्ते ने यह भी कहा कि यह महाविद्यालय न केवल शिक्षा का केंद्र बनेगा, बल्कि क्षेत्र के कृषि विकास और युवाओं के उज्जवल भविष्य की नींव भी रखेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं कृषि मंत्री राम विचार नेताम का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्रवासियों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी।

इस कृषि महाविद्यालय की स्थापना से क्षेत्र के युवाओं को कृषि विज्ञान, उद्यानिकी, पशुपालन और ग्रामीण प्रबंधन जैसे विषयों में उच्च शिक्षा का अवसर मिलेगा। अब दूरदराज के ग्रामीण विद्यार्थियों को बड़े शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा और वे अपने क्षेत्र में ही गुणवत्तापूर्ण कृषि शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे।

# होली पर कोरिया की बहनों ने बनाया हर्बल गुलाल, इन्हें खरीदकर बढ़ सकते हैं हौसला

श्रीकंचनपथ समाचार

कोरिया जिले के जनपद बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम डकईपारा में उजाला महिला स्वसहायता समूह के कुल 11 सदस्यों ने इस बार होली पर प्राकृतिक रंगों से बाजार में खास पहचान बनाई है। महज 10 दिन पहले शुरू हुई पहल आज 100 किलो से अधिक हर्बल गुलाल के उत्पादन तक पहुंच चुकी है, और निर्माण अभी भी जारी है। कलेक्टर कोरिया के चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में बिहान की महिलाओं द्वारा तैयार यह हर्बल गुलाल आनलाइन भी उपलब्ध कराया जा रहा है।



प्राकृतिक रंगों की खुशबू समेटते हुए बिहान समूह ने चुकंदर, हल्दी, पलास, पालक, लाल भाजी, एसेंशियल ऑयल और नेचुरल फूड कलर से त्वचा के अनुकूल, खुशबूदार और पर्यावरण के लिए हितैषी हर्बल गुलाल तैयार किया है। रासायनिक रंगों के दुष्प्रभावों के बीच यह पहल सुरक्षित और हरित होली का नया संदेश लेकर बाजार में उपलब्ध है।

स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि बाजार में विक्रय के लिए इसे 300 रुपये किलो की दर पर बेचा जा रहा है। आनलाइन इस हर्बल गुलाल की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। हर्बल गुलाल 300 रुपये प्रति किलो की दर से बेचते हुए मात्र दो दिनों में ही इस समूह ने 3,200 रुपये की आय अर्जित कर ली है। होली के पर्व पर बाजार की पसंद को देखते हुए मांग में और वृद्धि की उम्मीद है।

हर्बल गुलाल तैयार करने वाले समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के स्टाफ मास्टर ट्रेनर द्वारा दिया गया। प्रोडक्ट तैयार होने के बाद बाजार की मांग के अनुरूप् सुंदर पैकेजिंग में बिहान स्टाफ ने समूह का सहयोग किया। इस कार्य की शुरुआत समूह ने आंतरिक ऋण लेकर की है। उनके आत्मविश्वास और उद्यमिता को बिहान की मदद से नया आयाम दिया गया है।

### कहां मिलेगा यह बहनों का बनाया यह हर्बल गुलाल

महिलाओं द्वारा तैयार किया गया यह गुलाल स्थानीय बाजार में जिला मुख्यालय में बैकुंठपुर नगरपालिका के पास तथा संयुक्त जिला कार्यालय के समीप स्थित कोरिया मिलेट्स कैफे के सामने स्टाल में उपलब्ध है। साथ ही इसे कोरियाअमृत.काम वेबसाइट के माध्यम से भी आनलाइन प्राप्त किया जा सकता है।

जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने ग्राम पंचायत डकईपारा की महिलाओं के संकल्प, सहयोग और मेहनत से तैयार हर्बल गुलाल लेकर होली मनाने का आवाहन किया है। उन्होने कहा कि प्रत्येक कोरिया वासी स्थानीय स्तर के उत्पाद लेकर गांव की नारी शक्ति के जीवन में आत्मनिर्भरता का नया रंग भर सकते हैं।

### जगदलपुर कलेक्टोरेट में सजे स्व-सहायता समूहों के विशेष स्टॉल

रंगों के महापर्व होली की आहट के साथ ही बस्तर में उत्सव का माहौल बनने लगा है। इस वर्ष होली को सुरक्षित और स्थानीय हुनर के साथ यादगार बनाने के लिए जगदलपुर स्थित कलेक्टोरेट परिसर में महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए हर्बल गुलाल और फैंसी सामग्री के विक्रय हेतु विशेष स्टॉल लगाए गए हैं। इन स्टॉल्स की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहाँ उपलब्ध गुलाल पूरी तरह प्राकृतिक तत्वों से निर्मित है, जो रसायनों के दुष्प्रभावों से मुक्त और त्वचा के लिए पूर्णतः सुरक्षित है।

परिसर में सजे इन स्टॉल्स पर न केवल विभिन्न रंगों के सुगंधित हर्बल गुलाल मिल रहे हैं, बल्कि होली के लिए विशेष फैंसी सामग्री और बच्चों के आकर्षण के केंद्र भी उपलब्ध हैं।

जिला प्रशासन की इस पहल के माध्यम से जहाँ एक ओर आम नागरिकों को शुद्ध और मिलावट रहित रंगों का विकल्प मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त मंच भी प्रदान किया गया है। स्थानीय संसाधनों और फूलों-पत्तियों के अर्क से तैयार यह गुलाल बस्तर की माटी की खुशबू को त्यौहार के उल्लास में घोल रहा है।

प्रशासन और स्व-सहायता समूहों ने शहर के प्रबुद्ध नागरिकों, सामाजिक संगठनों और अधिकारी-कर्मचारियों से विनम्र अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन स्टॉल्स पर पधारें। आपकी एक छोटी सी खरीदी न केवल आपकी होली को रंगों से सराबोर करेगी, बल्कि बस्तर की मेहनतकश महिलाओं के जीवन में भी आर्थिक समृद्धि और खुशियों के नए रंग भरेगी। वोकल फॉर लोकल के संकल्प को सार्थक करते हुए इस बार की होली प्राकृतिक रंगों और स्थानीय प्रेम के साथ मनाने के लिए लोगों को आमंत्रित किया गया है।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950